आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11। अंक 155। मूल्य - 2 रुपए। पृष्ठ-08। नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, सोमवार, 09 जून, 2025

# मणिपुर में प्रदर्शनकारियों ने खुद पर पेट्रोल डाला: मैतेई लीडर की गिरफ्तारी के विरोध में गाड़ियां फूंकीं, पथराव किया; इंफाल समेत 5 जिलों में इंटरनेट बंद

**एजेंसी ● इंफाल**

मणिपुर में मैतेई संगठन अरम्बाई टेंगोल के नेता कानन सिंह को रविवार को CBI ने गिरफ्तार कर लिया। उन पर 2023 में हिंसा भड़काने के आरोप है। इनकी गिरफ्तारी की खबर फैलने के बाद शनिवार देर रात मणिपुर में हिंसा भड़क गई थी। राजधानी इंफाल के कई इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने गाड़ियों में आग लगा दी, सड़कों पर टायर और पुराने फर्नीचर भी जलाए। सुरक्षाबलों पर पथराव किया। प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल डालकर खुद को जलाने की भी कोशिश की।

सरकार ने 7 जून की रात 11:45 बजे से पांच दिनों के लिए 5 जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सर्विस सस्पेंड कर दी है। इनमें इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर शामिल हैं। इंफाल ईस्ट और बिष्णुपुर में कर्फ्यू भी लगाया गया है।

3 मई 2023 को कुकी-मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष शुरू हुआ था, जो आज भी जारी है। इन दो सालों में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। 1500 से ज्यादा घायल हुए। 70 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हैं। 6 हजार से ज्यादा FIR दर्ज हुई हैं।

प्रदर्शनकारियों ने खुद को आग लगाने की कोशिश की





मैतेई नेता की रिहाई की मांग करते हुए प्रदर्शनकारियों ने इंफाल के क्वाकेथेल और उरीपोक में सड़क के बीचों-बीच टायर और पुराने फर्नीचर जलाए। एयरपोर्ट का भी घेराव किया गया। इंफाल के अलग-अलग इलाकों में प्रदर्शन कर रहे लोगों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। कुछ प्रदर्शनकारियों ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की। गुस्साई भीड़ ने इंफाल वेस्ट जिले के खुरई लामलोंग में एक बस को भी आग के हवाले कर दिया। क्वाकेथेल में कई गोलियों की आवाजें सुनी गईं, लेकिन यह पता नहीं चल पाया कि गोलियां किसने चलाईं। तीन लोगों के घायल होने की भी जानकारी सामने आई है। रविवार सुबह भी स्थिति तनावपूर्ण रही।

### राजभवन की सुरक्षा बढ़ाई गई

राजभवन की ओर जाने वाली सड़कों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। केंद्रीय बलों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि जो भी व्यक्ति जारी आदेशों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### NIA ने तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया

मणिपुर में पिछले साल सुरक्षा बलों पर हुए जानलेवा हमले के मामले में NIA ने तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इस हमले में दो पुलिस कमांडो की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। यह हमला 17 जनवरी 2024 को तेंगनौपाल जिले के मोरेह इलाके में इंडियन रिजर्व बटालियन (IRB) की पोस्ट और अन्य सुरक्षा बलों पर किया गया था। 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन, नई सरकार 15 जून तक बनने की संभावना मणिपुर में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन है, लेकिन मौजूदा विधानसभा भंग नहीं हुई है। सिर्फ निलंबित है। हालांकि, 30 अप्रैल को 21 विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र भेजकर राज्य में तत्काल लोकप्रिय सरकार बनाने की मांग की थी। पत्र पर भाजपा के 14 विधायकों ने साइन किए हैं। इसके बाद इंफाल राजभवन में 28 मई को NDA के 10 विधायकों ने राज्यपाल अजय भल्ला से मुलाकात की थी।

# स्टालिन सरकार ने 4600 करोड़ का खनन घोटाला किया: शाह

## मेरे पास इनके भ्रष्टाचार की लंबी सूची; 2026 में तमिलनाडु-पश्चिम बंगाल में NDA सरकार बनेगी

**एजेंसी ● चेन्नई**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मेरे पास स्टालिन सरकार के भ्रष्टाचार की लंबी सूची, इन्होंने 4600 करोड़ का रेत खनन घोटाला किया। लेकिन मैं उन पर बात करके समय बर्बाद नहीं करना चाहता।

इन्होंने 4600 करोड़ रुपए के अवैध रेत खनन घोटाले का आरोप भी है, जिसका असर सीधे राज्य के गरीबों पर पड़ा और उन्हें महंगी रेत खरीदनी पड़ी, ताकि पार्टी लाभ कमा सके। तमिलनाडु के मदुरै में बीजेपी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने मदुरै को परिवर्तन की धरती बताया और कहा कि यह कार्यकर्ता सम्मेलन DMK सरकार को हटाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। शाह ने दावा किया कि साल 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों में NDA तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों में सरकार बनाएगी। शाह ने कहा; पिछले चार साल में डीएमके ने भ्रष्टाचार की हर हद पार कर दी है। अमित शाह ने कहा कि केंद्र ने जो 450 करोड़ की पोषण किटें भेजीं, उन्हें निजी कंपनी को देकर गरीबों को खाना तक नहीं मिलने दिया।

भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर पहलगाम हमले का बदला लिया शाह ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने हमारे निर्दोष नागरिकों की धर्म पूछकर हत्या कर दी थी और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों का सफाया कर दिया। शाह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से पहले भी भारत पर कई आतंकी हमले हुए थे मगर कभी कोई जवाब नहीं दिया गया। हमारी वीर सेना ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर जाकर आतंकियों का हेडक्वार्टर जमींदोज कर दिया था।



### तमिलनाडु में NDA की वापसी, AIADMK के साथ हाथ मिलाया

अमित शाह ने 11 अप्रैल को चेन्नई में भाजपा और AIADMK के गठबंधन का ऐलान किया। उन्होंने कहा 2026 में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव AIADMK प्रमुख ई पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। सीटों का बंटवारा बाद में चर्चा के बाद तय किया जाएगा। शाह ने कहा कि गठबंधन को लेकर AIADMK की कोई डिमांड नहीं है, न ही BJP उनके अंदरूनी मामलों में कोई हस्तक्षेप करेगी। पार्टी का NDA में शामिल होना दोनों के लिए ही बहुत फायदेमंद है। शाह ने कहा; अगला चुनाव DMK सरकार के भ्रष्टाचार, दलितों पर, महिलाओं पर अत्याचार के आधार लड़ा जाएगा। लोग डीएमके से घोटालों पर जवाब मांग रहे हैं, चुनाव में इन्हीं मुद्दों पर जनता वोट देगी। दरअसल, सितंबर 2023 में तत्कालीन तमिलनाडु प्रमुख अन्नामलाई की गई कुछ टिप्पणियों के कारण अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (AIADMK) NDA से अलग हो गई थी।

### अन्नामलाई स्टेट प्रेसिडेंट चुनाव से पीछे हटे, नयनार होंगे अगले अध्यक्ष

इधर, शुक्रवार को ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का नाम भी सामने आ गया। तिरुनेलवेली से भाजपा विधायक नयनार नागेन्द्रन भाजपा के अगले प्रदेश अध्यक्ष बन सकते हैं। नागेंद्रन पहले AIADMK में रह चुके हैं, जिससे गठबंधन को मजबूती मिलने की संभावना है। नागेंद्रन के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन शाह के एक X पोस्ट के मुताबिक नयनार का नाम मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष के अन्नामलाई ने प्रस्तावित किया था। पिछले चुनाव में AIADMK-BJP गठबंधन को 75 सीटें ही मिली थी AIADMK ने लगातार दो कार्यकाल (2011-2021) तक तमिलनाडु में शासन किया। 2021 में हुए पिछले विधानसभा चुनावों में DMK ने राज्य की कुल 234 सीटों में से 159 पर जीत हासिल की थी। वहीं, AIADMK सिर्फ 66 सीटों पर सिमट गई थी। भाजपा ने 2 और अन्य दलों को 7 सीटें मिली थी। DMK की जीत के बाद, एमके स्टालिन राज्य के मुख्यमंत्री बने। उधर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई की कुछ टिप्पणियों के कारण 25 सितंबर, 2023 को AIADMK और भाजपा गठबंधन टूट गया। लोकसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं मिली थी भाजपा और AIADMK ने 2024 का लोकसभा चुनाव अलग-अलग गठबंधन में लड़ा, लेकिन डीएमके उस चुनाव में भी जीत गई। इसे अन्नाद्रमुक और भाजपा के लिए झटका माना गया। तमिलनाडु में लोकसभा की कुल 39 सीटें हैं। सत्ताधारी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) की अगुआई में INDIA गठबंधन ने सभी सीटों पर जीत दर्जकी है। डीएमके को 22, कांग्रेस को 9,सीपीआई, सीपीआई(एम) और VCK को 2-2 और MDMK और IUML को एक-एक सीट पर जीत मिली है। पड़ोसी केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की भी एक सीट पर कांग्रेस की जीती है। AIADMK और भाजपा के नेतृत्व वाले NDA का खाता तक नहीं खुल सका।

# राजस्थान में गुर्जर समाज के लोगों ने ट्रेन रोकी

## 2 घंटे बाद ट्रैक से हटे; महापंचायत खत्म होने के बावजूद विरोध पर अड़े थे

**एजेंसी ● भरतपुर**

राजस्थान में गुर्जर महापंचायत खत्म होने के बाद समाज के लोगों ने भरतपुर के पीलूपुरा में ट्रेन रोक दी। भीड़ पटरियों पर पहुंची और कोटा-मथुरा पैसेंजर को रोक दिया। दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक को दो घंटे (4.30 से 6.30 बजे) तक जाम किया।

इतना ही नहीं, प्रदर्शनकारियों ने पटरी उखाड़ने की भी कोशिश की थी। मौके पर पहुंचे कलेक्टर-एसपी ने प्रदर्शनकारियों से समझाइश की और शाम साढ़े 6 बजे ट्रैक को खाली कराया। ट्रैक महापंचायत स्थल से मात्र डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर था। पूर्व के आंदोलनों में भी इस ट्रैक को कई बार जाम किया जा चुका है।

इससे पहले आरक्षण समेत कई मांगों को लेकर भरतपुर के बयाना इलाके के कारवारी शहीद स्मारक (पीलूपुरा) पर रविवार को हुई महापंचायत में सरकार की ओर से मांगों को लेकर ड्राफ्ट भेजा था।

गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला ने लोगों को वह पढ़कर सुनाया। समाज की सहमति के बाद महापंचायत को समाप्त कर दिया। इससे कई बाद कई लोगों ने सरकार के मसौदे का विरोध किया। नाराज होकर रविवार शाम साढ़े 4 बजे रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया था।

गुर्जर समाज की ओर से सरकार को आज (रविवार) दोपहर तक का अल्टीमेटम दिया गया था।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा था- कुछ लोग इस बात पर अड़े हुए हैं कि हम सरकार के खिलाफ ही रहेंगे और बोलेंगे। लोकतंत्र में हर किसी को अपनी बात रखने का अधिकार है। जब सरकार बिना किसी महापंचायत और आंदोलन के टेबल पर बात करने के लिए तैयार है तो महापंचायत क्यों?



### दो घंटे तक ट्रैक रहा प्रभावित

महापंचायत के बाद पटरी पर आए गुर्जर समाज के लोगों ने ट्रैक पर जाम लगा दिया था। इस दौरान करीब पटरियों की 10 से 20 क्लिप को निकाल लिया था। हालांकि रेलवे की टेक्निकल टीम ने इसे सही कर दिया है।

### आईजी बोले- बच्चों को समझाया गया

आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि बच्चों को लगा कि उनकी बात सुनी नहीं गई। उन्हें समझा दिया गया था कि उनकी बात सरकार तक पहुंचा दी गई है।

### भरतपुर कलेक्टर बोले- ट्रैक को खाली कराया

भरतपुर कलेक्टर अमित यादव ने बताया कि जो युवक पटरी पर गए थे, उनको हटा दिया है। यूपी के सपा विधायक अतुल प्रधान की समझाइश पर आंदोलनकारी युवाओं ने ट्रैक खाली कर दिया है, अब कुछ ही देर में रेलवे की टीम मौके पर पहुंचने वाली है। ट्रैक को चेक कर उसे चालू कर देंगे।

# सगाई के बाद जमकर थिरके रिंकू सिंह और प्रिया सरोज, समारोह में लगा दिग्गजों का जमावड़ा

**एजेंसी ● लखनऊ**

भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह नए बंधन में बंध गए हैं। रविवार को स्टार खिलाड़ी की समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज के साथ सगाई हो गई। रिंकू और प्रिया की रिंग सेरेमनी लखनऊ के एक पांच सितारा होटल में हुई जिसमें राजीनित जगत और क्रिकेट की चर्चित हस्तियां शामिल हुईं। प्रिया उत्तर प्रदेश के मछलीशहर से लोकसभा की सदस्य हैं। इन दोनों की शादी 18 नवंबर 2025 को वाराणसी में होगी।

रिंकू और प्रिया की रिंग सेरेमनी में राजनीति की चर्चित हस्तियों का जमावड़ा लगा। इनमें सपा मुखिया अखिलेश यादव, सांसद डिंपल यादव और जया बच्चन जैसे बड़े नाम शामिल हैं। सभी ने इस नई जोड़ी को



आशीर्वाद दिया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

सगाई के बाद रिंकू सिंह और प्रिया सरोज को जमकर डांस करते देखा गया। इसके वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

# फिर बेनकाब हुआ पाकिस्तान: चीन की मदद से बनाए भारत पर हमले के नकली सबूत, सैटेलाइट की तस्वीरों ने खोली पोल

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर में बुरी तरह मात खा चुके पाकिस्तान की एक और करतूत सामने आई है। पाकिस्तान ने आदमपुर और भुज एयरबेस पर हमले का दावा किया था। अब सामने आई तस्वीरों में पाकिस्तान एक बार फिर बेनकाब हो गया है। दरअसल, पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने भारत के आदमपुर एयरबेस पर सुखोई-30, भुज एयरबेस पर एस-400 को नुकसान पहुंचाया है। उसने अपने दावे का समर्थन करने के लिए सैटेलाइट इमेज से छेड़छाड़ कर नकली तस्वीरें साझा की थीं। इस पर शीर्ष इमेजरी विश्लेषक डेमियन साइमन ने पाकिस्तान की पोल खोल दी है।

**चीन की मदद से तस्वीरों में की छेड़छाड़:** साइमन ने बताया कि कैसे पाकिस्तान ने चीनी सैटेलाइट फर्म की मदद से ली गई तस्वीरों से छेड़छाड़ और हेरफर कर झूठी तस्वीरें पूरी दुनिया को दिखाईं। साइमन ने कहा कि समीक्षा करने पर पता चला कि यह तस्वीर संघर्ष से पहले की है। इन तस्वीरों में नियमित रखरखाव से गुजर रहे मिग-29 को दिखाया गया था। इंजन के बार-बार परीक्षण के चलते मौके पर कालिख बनी थी, जबकि पाकिस्तान का कहना था कि यह राख हमले के बाद की है।

इसी तरह भुज में भारतीय एस-400 रडार सिस्टम को नष्ट करने का दावा करते हुए पाकिस्तान ने एक और तस्वीर प्रसारित की। तस्वीर में सैन्य बेस एप्रन पर काले धब्बे दिखाई दे रहे थे। विश्लेषण करने पर पता चला कि ये तेल के धब्बे या वाहन रखरखाव यार्ड से ईंधन रिसाव थे। यह तस्वीर भी भारत-पाकिस्तान के बीच हुए टकराव से काफी पहले खींची गई थी और इसका किसी हमले से कोई संबंध नहीं था।

**जम्मू के एयरपोर्ट पर हमले का दावा भी झूठा:** इसी तरह नलिया एयरबेस और जम्मू के एयरपोर्ट पर हमले का दावा भी झूठा निकला। साइमन ने बताया कि श्रीनगर एयरपोर्ट पर नागरिक एप्रन को दिखाने वाली धुंधली छवि का इस्तेमाल बम से हुए नुकसान का संकेत देने के लिए किया गया। अलग-अलग दिनों में ली गई कई स्पष्ट सैटेलाइट छवियों से साइट में कोई बदलाव नहीं दिखा। पाकिस्तान की ओर से फैलाई जा रही छवि गलत तरीके से पेश की गई थी। इसी तरह पाकिस्तान ने नलिया एयरबेस की एक तस्वीर प्रसारित की, जिसमें रनवे के आसपास की मिट्टी काली होती दिखाई दे रही थी, जो बमबारी का संकेत देती है। हाई-रिजॉल्यूशन हमले के बाद की तस्वीरों की समीक्षा करने पर पुष्टि हुई कि साइट पर कोई हमला नहीं हुआ है। नुकसान की तस्वीर के ऊपर बादल की छाया थी। एअरबेस का बुनियादी ढांचा पूरी तरह से सुरक्षित है।

भारत गौरव एक्सप्रेस : भारत गौरव ट्रेन टूर को 100 प्रतिशत बुकिंग के साथ जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है


# छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़े स्थलों के दर्शन कराएगी विशेष गाड़ी

### आज से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई से रवाना होगी

**संवाददाता ● नई दिल्ली**





भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट भारत गौरव ट्रेन टूर शुरू किया है, जो 9 जून 2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई से रवाना होगी। भारत गौरव ट्रेन टूर को 100 प्रतिशत बुकिंग के साथ जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। कुल 710 यात्री इस यात्रा का लाभ उठाएंगे। जिनमें से 480 यात्री इकोनॉमी (स्लीपर) में, 190 यात्री कम्फर्ट (3AC) में और 40 यात्री सुपीरियर (2AC) में बुक किए गए हैं। भारत गौरव ट्रेन यात्रा की योजना छत्रपति शिवाजी महाराज के 351वें राज्याभिषेक समारोह के अवसर पर बनाई गई है। छत्रपति शिवाजी महाराज के दर्शन के लिए यह ट्रेन 9 जून, 2025 को रायगढ़ पहुंचेगी। छत्रपति शिवाजी महाराज सर्किट एक विशेष रूप से क्यूरेट किया गया टूर है, जो पांच रातों/छह दिनों की यात्रा में छत्रपति शिवाजी महाराज के गौरवशाली इतिहास और भव्य विरासत को प्रदर्शित करता है। यह टूर महाराष्ट्र सरकार, भारतीय रेलवे के बीच एक संयुक्त सहयोग है।

**बुकिंग**

यह ट्रेन रायगढ़ किला, शिवनेरी किला, प्रतापगढ़ किला, पन्हाला किला, लाल महल, कस्बा गणपति और शिवसृष्टि जैसे ऐतिहासिक स्थलों को कवर करती है, जो महान छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं को दर्शाते हैं। दो अतिरिक्त आकर्षणों में भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग और कोल्हापुर में महालक्ष्मी मंदिर शामिल हैं। सुविधा और सुलभता के साथ, यह ट्रेन यात्रियों को महाराष्ट्र के गौरवशाली अतीत और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को देखने का एक सहज अनुभव प्रदान करती है।

6 दिनों का यात्रा कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT), मुंबई से शुरू होगा। पहले दिन, रेलगाड़ी कोंकण रेलवे नेटवर्क पर माणगांव रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी, जो रायगढ़ किले के लिए निकटतम रेलवे लिंक है। पहला गंतव्य रायगढ़ है, जो उसी नाम के पहाड़ी किले के लिए जाना जाता है जहां छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ था और बाद में यह उनकी राजधानी थी। दर्शनीय स्थलों की यात्रा पूरी होने पर पर्यटक वापस ट्रेन में लौट आएंगे क्योंकि यह अगले गंतव्य पुणे के लिए आगे बढ़ेगी, जहां पर्यटक रात का भोजन करेंगे और पुणे के होटल में रात बिताएंगे। दौरे के दूसरे दिन, पुणे में पर्यटक जिन प्रमुख स्थलों को देखेंगे, वे हैं लाल महल, कस्बा गणपति और शिवसृष्टि। वर्तमान संरचना का पुनर्निर्माण 1984 में उस भूमि के एक हिस्से पर किया गया था, जहां लाल महल खड़ा था और इसमें तेल चित्रों का एक विशाल संग्रह है जो छत्रपति शिवाजी महाराज के महत्वपूर्ण जीवन की घटनाओं को दर्शाता है। पुणे के पीठासीन देवता कस्बा गणपति का मंदिर 1893 का है और माना जाता है कि इसे छत्रपति शिवाजी महाराज की मां जीजाबाई ने बनवाया था। तब से, शहर को गणेश के शहर के रूप में जाना जाता है। बाद में दिन में, पर्यटक शिवसृष्टि का दौरा करेंगे। जो छत्रपति शिवाजी महाराज की कथा को प्रदर्शित करने वाला सबसे बड़ा ऐतिहासिक थीम पार्क है।

पर्यटक यहां मराठा शासक की जीवन कहानी 3डी में देखेंगे और अन्य इंटरैक्टिव सत्रों का आनंद लेंगे। पुणे में एक रात के आराम के बाद, तीसरे दिन मेहमान शिवनेरी की यात्रा करेंगे। यह छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्मस्थली है और मुस्लिम शासन के खिलाफ मराठा गौरव और प्रतिरोध का प्रतीक है। दोपहर के भोजन के बाद पर्यटक रात्रि विश्राम के लिए पुणे लौटने से पहले 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग मंदिर का दर्शन करेंगे। यात्रा कार्यक्रम के चौथे दिन, पर्यटक सतारा की आगे की यात्रा के लिए ट्रेन में सवार होंगे। इस स्टेशन से कवर किया जाने वाला प्रमुख स्थल प्रतापगढ़ किला है, जो 1659 में छत्रपति शिवाजी महाराज और बीजापुर सल्तनत के जनरल अफजल खान के बीच हुए प्रतापगढ़ युद्ध के कारण अत्यधिक ऐतिहासिक महत्व रखता है। इस युद्ध ने मराठा साम्राज्य की स्थापना के लिए मंच तैयार किया था। यात्रा के बाद, पर्यटक एक उपयुक्त स्थान पर दोपहर का भोजन करेंगे और वापस ट्रेन के लिए रवाना होंगे, क्योंकि यह ट्रेन यहां से यात्रा के अंतिम गंतव्य कोल्हापुर के लिए आगे बढ़ती है। नहाने-धोने और होटल में नाश्ता करने के बाद पर्यटक महालक्ष्मी मंदिर जाएंगे, जिसे अम्बाबाई के नाम से जाना जाता है और उसके बाद पन्हाला किला जाएंगे।

सह्याद्री पर्वतमाला के ऊपर स्थित यह पहाड़ी किला कई लड़ाइयों का गवाह है और छत्रपति शिवाजी महाराज से इसका गहरा संबंध है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने 500 से अधिक दिन वहां बिताए थे। यहां उन्हें बंदी बनाकर रखा गया था और बाद में वे भाग निकले थे। पन्हाला किले को 'सांपों का किला' भी कहा जाता है, क्योंकि यह आकार में टेढ़ा-मेढ़ा है। यह किला छत्रपति शिवाजी महाराज और शंभाजी महाराज के जीवन इतिहास से जुड़ा हुआ है। इसे किले पर कब्जा करने की लड़ाई के दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज के सेनापति बाजी प्रभु देशपांडे द्वारा दिखाई गई वीरता के लिए याद किया जाता है। देर शाम को ट्रेन मुंबई के लिए वापस शुरू होती है और 6वें दिन सुबह मुंबई पहुंचती है। सभी श्रेणियों में सभी समावेशी मूल्य में संबंधित श्रेणियों में ट्रेन यात्रा, आरामदायक होटलों में रात का ठहराव, सभी भोजन (केवल शाकाहारी), बसों में सभी स्थानांतरण और दर्शनीय स्थलों की यात्रा, यात्रा बीमा, टूर एस्कॉर्ट की सेवाएँ आदि शामिल होंगे। यात्रियों को एक सुरक्षित और यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।

## शॉट न्यूज

### शहर में तलाकशुदा महिला से रेप, इंस्टाग्राम पर दोस्ती फिर धोखा

**इंदौर।** बाणगंगा में रहने वाली एक 18 साल की महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसके परिचित के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता तलाकशुदा है। आरोपी से उसकी इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। बाणगंगा पुलिस ने महिला की शिकायत पर रवि पुत्र हीरालाल यादव निवास ग्राम जाख्या के खिलाफ रेप और शादी के नाम पर धोखा देने के मामले में केस दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि वह तलाकशुदा है। 2024 में रवि से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई। फिर कुछ दोनों के बीच सोशल मीडिया पर बातचीत होती रही। इस दौरान रवि ने एक दिन पीड़िता को कहा कि वह उसे पसंद करता है उसका शादी का मन है। पीड़िता ने अपने बारे में बताया। तब रवि किसी तरह की आपत्ति नहीं होने की बात कही। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 12 जनवरी को रवि ने सुबह पीड़िता को घूमाने के बहाने अपने साथ ले गया और एक होटल में जबरदस्ती संबंध बनाए। बाद में विवाह की बात टाल दी। उसने मन रखने के लिए एक दो बार मिलने पर ऐसे ही मांग भर दी। लेकिन कोई रीति-रिवाज से शादी नहीं हुई।

### राजा और सोनम का पीछा करते फुटेज में दिखे संदिग्ध

**इंदौर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राजा रघुवंशी के परिजन से मुलाकात की। उनसे मिलने के बाद राजा के भाई विपिन ने मीडिया को बताया कि सोनम को उसका भाई गोविंद वहीं तलाश रहा है। उसे धमकियां मिल रही हैं। उसने फोन पर बताया कि एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि आपने सोनम का पता बताने वाले को 5 लाख का इनाम देने की घोषणा की है। यहां के लोगों के लिए यह बहुत बड़ी राशि है। इसके बाद गोविंद खुद वहां के डीआईजी से मिलने गए थे। उन्होंने हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। विपिन के मुताबिक गोविंद ने यह भी बताया कि जीपीएस लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज में राजा और सोनम के पीछे कुछ संदिग्ध लोग और गाड़ियों को साफ देखा जा सकता है, लेकिन पुलिस ने इस अहम सुराग पर कोई कार्रवाई नहीं की है। होटल मालिक, गाइड और स्कूटी किराए पर देने वालों से पूछताछ की जाए तो कई खुलासे हो सकते हैं। राजा का शव मिलने के बाद सोनम की तलाश में जुटे राजा रघुवंशी के भाई विपुल रघुवंशी ने भी पुलिस जांच और कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। वे पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं हैं।

## प्रथम स्वर्गीय जी एस पठानिया मेमोरियल अंडर-15 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट

### आदित्य के दोहरे प्रदर्शन से क्रिकिंगडम क्रिकेट अकादमी ने एनसीसीसी को 4 रन से हराया

**संवाददाता ● भोपाल**



अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी द्वारा भेल स्थित जवाहर लाल नेहरू स्कूल में आज प्रथम स्वर्गीय श्री जी एस पठानिया मेमोरियल अंडर-15 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट मे आज का मैच एनसीसीसी और क्रिकिंगडम क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया जिसमें क्रिकिंगडम क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। क्रिकिंगडम क्रिकेट अकादमी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर 5 विकेट खोकर 219 रन बनाए। आदित्य ने 92 रन बनाए जबकि दीर्घ ने 50 रन का योगदान दिया। एनसीसीसी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सोम, निखिल, कृष्णा और श्रेयांश ने 1-1 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी एनसीसीसी की टीम 30.4 ओवर में 155 रन बनाकर ऑलआउट हो गई । सोम ने 40 रन, एकांश ने 38 रन बनाए। क्रिकिंगडम क्रिकेट अकादमी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए विधान ने 29 रन देकर 3 विकेट, आदित्य ने 34 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि यशराज ने 32 रन देकर 2 विकेट लिए। इस तरह क्रिकिंगडम क्रिकेट अकादमी ने 64 रन से जीत हासिल करी। आदित्य को दोहरे प्रदर्शन के लिए मेन ऑफ़ द मैच चुना गया।

### IIM की स्टडी से उज्जैन सिंहस्थ में होगा क्राउड मैनेजमेंट

**इंदौर।** उज्जैन सिंहस्थ 2028 में क्राउड मैनेजमेंट को लेकर IIM indore की टीम रिसर्च करेंगी। IIM इंदौर की टीम 5E पर काम करने के साथ स्टडी कर रहा है। इस स्टडी में सिंहस्थ के दौरान भगदड़, गंभीर स्थितियों में क्राउड मैनेजमेंट शामिल है. इसकी रिपोर्ट तैयार होने के बाद इसे राज्य सरकार को भेजा जाएगा। IIM इंदौर के डायरेक्टर हिमांशु राय के अनुसार प्रयागराज महाकुंभ 2025 के लिए IIM इंदौर स्टडी कर चुका है। यूपी सरकार को इसकी रिपोर्ट सौंपी थी. जिसका ऊपयोग यूपी सरकार ने क्राउड मैनेजमेंट में किया था। अब उज्जैन सिंहस्थ में हम शुरू से काम करेंगे, प्रयागराज महाकुंभ से जो अनुभव है उसे यहां उपयोग किया जाएगा। डायरेक्टर हिमांशु राय वेलनेस समिट में शामिल होने उज्जैन आए थे। 5E मॉडल पर होगा काम - IIM इंदौर के डायरेक्टर हिमांशु राय के अनुसार 5E पर काम करेंगी। इसमें एजुकेशन, इंफोर्समेंट, इंजीनियरिंग, इनवायरमेंट और इमरजेंसी शामिल है। इस स्टडी के की पॉइंट में लोगों के आने की अनुमानित संख्या, स्नान में लगने वाला समय और वापसी पर रिसर्च किया जाएगा।

## भाभा विवि के शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण

**संवाददाता ● भोपाल**

भाभा कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के शिक्षा विभाग द्वारा डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु ट्राइबल म्यूजियम श्यामला हिल्स ले जाया गया जहां विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की कलाकृतियों, संस्कृति एवं इतिहास आदि के बारे में विभिन्न जानकारियां प्राप्त की एवं मिलेट्स से बने विभिन्न व्यंजनों का आनंद उठाया। शैक्षिक भ्रमण की सफलता के लिए विश्वविद्यालय के सीईओ श्री प्रसाद पिल्लई, प्रति कुलगुरु डॉ. एन के अग्रवाल, कुल सचिव डॉ.श्याम पाटकार , डायरेक्टर डॉ. दीपा बख्शी एवं प्रिंसिपल डॉ. कविता पड़ेगांवकर ने बधाई दी। शैक्षणिक भ्रमण के लिए विभाग के समस्त स्टाफ डॉ. लता मालवीय, प्रो. श्वेता सनोडीया ,प्रो. सारिका गोरे, प्रो. पी एन त्रिपाठी एवं प्रो. बीरबल भी छात्रों के साथ उपस्थित रहे।

## लाईन परिचारक की शारीरिक दक्षता परीक्षण 26 जून को

**संवाददाता ● भोपाल**

मध्यप्रदेश शासन ऊर्जा विभाग के अधीन 6 बिजली कंपनियों में विभिन्न खाली पदों की पूर्ति हेतु आयोजित परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल द्वारा तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी पदों के अंतर्गत कनिष्ठ अभियंता(विद्युत), कनिष्ठ अभियंता(सिविल), विधि सहायक, कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन एवं लाइन परिचारक के पदों को भरने के लिए दस्तावेज सत्यापन हेतु प्रोविजनल सूची जारी कर दी है। कंपनी द्वारा इन तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी पदों की पूर्ति हेतु कुल 546 सफल आवेदकों की प्रोविजनल सूची जारी कर दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचना जारी की गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि कंपनी द्वारा प्रोविजनल सूची में शॉर्टलिस्ट आवेदकों में कनिष्ठ अभियंता (विद्युत) के 63, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के 5, विधि सहायक के 21 एवं कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन के 309 आवेदकों को 23 जून से 25 जून तक अलग-अलग तारीखों में दस्तावेज सत्यापन के साथ ही लाइन परिचारक के 148 आवेदकों को 26 जून को शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु व्यक्तिगत सूचना जारी की गई है। कंपनी द्वारा आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोविन्दपुरा मुख्यालय स्थित पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर में किया जाएगा तथा लाइन परिचारक के दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण कंपनी के शिवपुरी, भोपाल, नर्मदापुरम एवं ग्वालियर स्थित महाप्रबंधक वृत्त कार्यालय में 26 जून को किया जाएगा। प्रोविजनल सूची में दस्तावेज सत्यापन हेतु चयनित आवेदकों के नाम, सत्यापन तिथि एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण की तिथि की जानकारी कंपनी की वेबसाइट portal.mpcz.in पर भी देखी जा सकती है।

## स्कोप विवि के विज्ञान संकाय में मना विश्व पर्यावरण दिवस



**संवाददाता ● भोपाल**

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान संकाय में विश्व पर्यावरण दिवसबड़े उत्साह और जागरूकता के साथ एक सप्ताह तक मनाया जा रहा है।यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के द्वारा प्रयोजित है। कार्यक्रम कीशुरुआत पौधारोपण से हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. सीतेश सिन्हा, विज्ञान संकाय के डीन डॉ. सत्येंद्र खरे एवं समस्त विभागों के डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं छात्र उपस्थितथे। प्रथम दिवस इस कार्यक्रम में युवा विद्यार्थियों नेविभिन्न गतिविधियों में भागीदारी दी, जिसमें पेपर एवं पोस्टर प्रस्तुतिकरण, छात्राओं औरछात्रों के बीच पर्यावरण पर भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसके निर्णायक डॉ. नितिन मोड़ डीन, वाणिज्य विभाग एवं डॉ. संजु शर्मा एचओडी, शिक्षा विभाग उन्होंने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया।

**कार्यक्रम**

इसके पश्चात द्वितीय दिवस विशेषज्ञ व्याख्यानआयोजित किए गए, जिनमें विशेषज्ञ वक्ता एवं मुख्य अतिथि डॉ. लोकेंद्र ठक्कर, ऑफिसर इंचार्ज, मध्यप्रदेश शासन, वेटलैंड प्राधिकरण (EPCO), भोपाल तथा डॉ.विपिन व्यास, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, प्राणीशास्त्र तथा अनुप्रयुक्त जलकृषि विभाग, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल थे। उन्होंने नदियों को स्वस्थ रखने के तरीकों तथानदियों के पारिस्थितिकी तंत्र को समझाने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयोगों केबारे में बताया तथा नैनोप्लास्टिक जल और भोजन के माध्यम से शरीर में प्रवेश कर मस्तिष्क तक पहुँच रही है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है अतः हमें अपनी लाइफस्टाइल बदलनी होगी ऐसा श्री लोकेन्द्र ठक्कर जी ने कहा । इसके पूर्व कार्यक्रम के आरंभ में विज्ञान संकाय के डीन डॉ. सत्येंद्र खरे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हीं के द्वारानिर्मित पृथ्वी पर प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई, जिसमें प्लास्टिक के कारण पृथ्वी को होने वाले नुकसान को दर्शाया गया। । प्रोफेसर डीन अकादमिक वी. के. गुप्ता ने कृषि भूमि की घटतीगुणवत्ता पर चिंता व्यक्त की। समस्त कार्यक्रम में डॉ. विजय सिंह, कुलगुरु, एसजीएसयू तथा रजिस्ट्रार डॉ. सितेश सिन्हा एसजीएसयू उपस्थित रहे और छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कार वितरण किया।कार्यक्रम के अंत में समन्वयक डॉ. ज्योत्सना मिश्रा ने आभार व्यक्त किया एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्रों से संकल्प लिया। । कार्यक्रम का संचालन विशाखाराजूरकर राव द्वारा किया गया। तृतीय दिवस (7 जून) को छात्रों ने पर्यावरण विषयक कविता पाठ, स्लोगन लेखन और गीत प्रस्तुत किए। साथ ही परिसर की सफाई एवं स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। आगामी दिनों केकार्यक्रम में एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा वर्कशॉप ऑन बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट विषय पर कार्यशाला आयोजितकी जाएगी, जिसमें छात्रों को कचरे से उपयोगी वस्तुएं बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।अंतिम दिवसके समापन सत्र में योगी संजय सोलंकी योग विशेषज्ञ द्वारा स्वास्थ्य और फिटनेस पर कार्यशाला और डॉ. विकास शेंडे, मध्यप्रदेशविज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, भोपाल द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया जाएगा।

'निसान में हम सस्टेनेबिलिटी को लेकर प्रतिबद्ध हैं, यह स्वच्छसुरक्षित और ज्यादा समावेशी भविष्य को लेकर एक दीर्घकालिक समर्पण है

# निसान मोटर इंडिया ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सस्टेनेबिलिटी को दिया बढ़ावा

**संवाददाता ● गुरुग्राम**

सस्टेनेबिलिटी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए निसान मोटर इंडिया ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कई हरित पहल का एलान किया है। देशभर में निसान के सात डीलरों ने ग्रिड बेस्ड सोलर इलेक्ट्रिसिटी जनरेशन सिस्टम लगाया है। इनमें एक्युटी निसान (बड़ौदा), आरव निसान (मेहसाणा), ईवीएम निसान (केरल में 3 डीलरशिप), दादा निसान (जालंधर) और रोशन निसान (जयपुर) शामिल हैं।

**ऐलान**

इस इलेक्ट्रिसिटी सिस्टम से वर्कशॉप एवं शोरूम की 100% बिजली की जरूरत को पूरा किया जाता है, साथ ही अतिरिक्त बिजली को बाद में प्रयोग के लिए पावर ग्रिड में भेज दिया जाता है। इस पहल से पारंपरिक ऊर्जा स्रोत पर निर्भरता कम हुई है और स्वच्छ डीलरशिप ऑपरेशंस की दिशा में निसान के प्रयासों को गति मिली है।

निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा, 'निसान में हम सस्टेनेबिलिटी को लेकर प्रतिबद्ध हैं और वैश्विक स्तर पर पर्यावरण को लेकर हमारी फिलॉसफी तात्कालिक लक्ष्य से कहीं आगे तक जाती है। यह स्वच्छ, सुरक्षित और ज्यादा समावेशी भविष्य को लेकर एक दीर्घकालिक समर्पण है। हम पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को कम करने और संसाधनों के उपभोग को न्यूनतम करने पर फोकस करते हैं। हमारा हर कदम सस्टेनेबल मोबिलिटी को गति देने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए दुनिया को संरक्षित रखने के हमारे विजन से प्रेरित है।' निसान ने 5 जून को देशभर में अपने सभी डीलरशिप एवं वर्कशॉप पर पौधारोपण अभियान भी आयोजित किया। ग्राहकों को एक-एक पौधा लगाने के लिए आमंत्रित किया गया था। इन पौधों को ग्राहकों के नाम और गाड़ी नंबर के साथ टैग किया जाएगा, जिससे यह हरित भविष्य की दिशा में उनके व्यक्तिगत योगदान के प्रतीक के रूप में रहेगा। प्रतिभागियों को 'ग्रीन सर्विस सर्टिफिकेट' और बीज का पैकेट भी दिया गया, जिससे वे निसान डीलरशिप के बाहर अन्य स्थानों पर भी पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित हों। इसके अतिरिक्त, निसान ने पैकेजिंग प्लास्टिक के प्रयोग को भी 15% कम किया है। इससे पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रियाओं को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता मजबूत हुई है।



हाल ही में निसान मोटर इंडिया ने नई निसान मैग्नाइट के लिए 74,999 रुपये की अतिरिक्त लागत पर सरकार द्वारा प्रमाणित सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट भी पेश की है। इसे विशेष रूप से पर्यावरण के प्रति जागरूक ग्राहकों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस किट से पारंपरिक ईंधन का स्वच्छ विकल्प मिलेगा और परफॉर्मेंस से कोई समझौता किए बिना बेहतर फ्यूल एफिशिएंसी मिलेगी। पहले चरण में इस रेट्रोफिटमेंट किट को सात राज्यों – दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल और कर्नाटक में उपलब्ध कराया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में 99,000 से ज्यादा यूनिट्स की कुल बिक्री के साथ निसान मोटर इंडिया भारत में लगातार विकास के रास्ते पर बढ़ रही है। बीता साल प्रदर्शन के लिहाज से पिछले सात साल में सर्वश्रेष्ठ रहा है। इस साल नई निसान मैग्नाइट भी अपनी सफलता के रास्ते पर बढ़ी है। सालाना 28,000 से ज्यादा यूनिट्स की घरेलू बिक्री में नई निसान मैग्नाइट कंपनी की बिक्री में मजबूत स्तंभ बनकर सामने आई है। निर्यात को 20 नए बाजारों में विस्तार देते हुए निसान अब कुल 65 से अधिक अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात कर रही है। 71,000 से ज्यादा यूनिट्स के निर्यात के साथ निसान ने निर्यात का शानदार आंकड़ा छुआ है। इससे भारत निसान के लिए एक्सपोर्ट हब के रूप में सामने आ रहा है।



इंदौर। शहर में हर जगह खाली जमीनों पर पौधारोपण किया जा रहा है। ऐसे में राजकुमार ब्रिज के पास हरियाली देखकर मन प्रफुल्लित हो जाता है।

## शॉर्ट न्यूज

### मोहसिन पर इंदौर में 7 महू में 1 एफआईआर

इंदौर। रेप-गैंगरेप के आरोपी मोहसिन पर अब तक रेप, गैंगरेप, छेड़छाड़ और धोखाधड़ी सहित 8 एफआईआर दर्ज हो चुकी है। 7 एफआईआर इंदौर और 8वीं एफआईआर शुक्रवार रात महू में दर्ज हुई है। इस दौरान हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता भी पीड़िता के साथ मौजूद थे। मोहसिन अपने भाई फैजान और एक अन्य आरोपी इरफान के साथ जेल में बंद है। जेल में बंद इंदौर के शूटिंग कोच मोहसिन पर 8वीं एफआईआर महू की नेशनल शूटर ने दर्ज कराई है। उसने पुलिस को दी लिखित शिकायत में कहा कि तीन साल पहले यानी 2022 में मोहसिन की ड्रीम ओलिंपिक शूटिंग एकेडमी में बतौर ट्रेनर बच्चों को शूटिंग सिखाने गई थी। एक दिन मोहसिन ने उसे कॉफी ऑफर की, लेकिन उसने मना कर दिया। कुछ समय बाद जब वह एकेडमी में अपने बैग में रखे पैसों को देख रही थी, तो मोहसिन ने कहा, मुझे पता है पैसे कैसे कमाए जाते हैं, कभी और पैसे कमाना हो तो मुझे बताना।

### सोने-चांदी के जेवर के नाम पर 86.74 लाख का चूना लगाया

इंदौर। राजकोट (गुजरात) की आभूषण कंपनी के साथ रतलाम के छाजेड़ कुंदन ज्वेलर्स (सीकेजे) ने 86.74 लाख की धोखाधड़ी की है। इस मामले में फरियादी के आवेदन पर इंदौर के एरोड्रम थाने में 5 जून को केस दर्ज हुआ। जानकारी के अनुसार पुलिस ने देर रात और फिर 6 जून को कुछ आरोपियों को पकड़ लिया है। राजकोट के यश वाढेर के पिता ने एरोड्रम थाने में बीएनएस की धारा बीएनएस 318(4), 316(5) और 3(5) के तहत छाजेड़ कुंदन ज्वेलर्स के सुधीर छाजेड़, तनिष छाजेड़ और बीवीसी लाजिजस्टिक कंपनी के कर्मचारियों पर केस किया। यश ने बताया कि उनकी कंपनी आरके सिल्वर राजकोट, दिल्ली और चेन्नई में काम करती है। छाजेड़ कुंदन ज्वेलर्स के साथ 22 मार्च को सोने-चांदी के आभूषण भेजने के लिए मोबाइल पर डील हुई और यह डील 86.74 लाख रुपए की थी।

### राहुल बनकर तौहिद ने शादी की आड़ में किया दुष्कर्म

इंदौर। कनाड़िया में एक युवती को लव जिहादी ने राहुल बनकर दोस्त बनाया और फिर प्रेम जाल में फांसकर शादी का झांसा देते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नही आरोपी ने युवती से लाखो रुपये भी ऐंठ लिए और उसकी एक्टिवा भी गिरवी रख दी। अब आरोपी की पहचान उजागर होने के बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर केस दर्ज करवाया हैं। कनाड़िया पुलिस ने 23 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर तौहिद पिता तौफीक रज़ा निवासी खजराना के खिलाफ केस दर्ज किया हैं। पीड़िता ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि सहेली की जन्मदिन पार्टी में आरोपी से मुलाकात हुई तो उसने खुद का नाम राहुल बताया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता का नंबर के लिया और बातें करने लगा। कुछ समय बाद दोस्ती प्यार में बदल गई और आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

### वायरस से संभलें: खरगोन की थी, स्वस्थ नवजात को दिया था जन्म

# कोरोना पॉजिटिव महिला की डिलीवरी के 8 दिन बाद मौत

संवाददाता ● इंदौर

शहर में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच कोरोना पॉजिटिव महिला की मौत हो गई है। महिला की आठ दिन पहले ही एमटीएच अस्पताल में डिलीवरी हुई थी। दरअसल खरगोन निवासी 44 वर्षीय महिला ने 28 मई को 3.1 किलोग्राम वजन के स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया था। ऑपरेशन से हुए प्रसव के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। इलाज के दौरान हालत में सुधार नहीं आने और सांस लेने में समस्या पर महिला की पांच जून को आरटीपीसीआर जांच करवाई। इसके बाद उसे एमआरटीबी अस्पताल के कोविड आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग महिला की मौत का कारण कोरोना नहीं मान रहा है। सीएमएचओ डॉ. बीएस सैत्या का कहना है कि डिलीवरी के बाद महिला की तबीयत बिगड़ी थी, जिससे मौत हुई है। बता दें कि यह कोरोना से संबंधित दूसरी मौत है। इससे पहले अप्रैल माह में इंदौर की 74 वर्षीय महिला की निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। महिला कोरोना पॉजिटिव थी और उसका किडनी से संबंधित बीमारी का इलाज चल रहा था।

**मामला**



### शहर में अब तक 38 मरीज

शहर में इस वर्ष अब तक 38 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिल चुके हैं। इनमें से आठ मरीज बाहर के हैं। अभी तक जिन लोगों की ट्रैवल हिस्ट्री मिली है, वह दूसरे शहर के हैं या फिर राज्य से लौटे लोगों के संपर्क में आए थे। इनमें यूके, सिंगापुर, गोवा, दिल्ली, केरल, रायपुर, पुणे, मुंबई, अहमदाबाद आदि की हिस्ट्री रही है। शहर में अभी 20 एक्टिव मरीज है।

### महिला को थी प्लेसेंटा प्रीविया की समस्या

डॉ. सुमित्रा यादव ने बताया कि भ्रूण निकालने के तुरंत बाद महिला को ऑपरेशन टेबल पर अचानक तेज ऐंठन शुरू हो गई। उसका ब्लड प्रेशर और ऑक्सीजन लेवल गिर गया। स्थिति गंभीर देखते हुए तुरंत इंटुबैशन (सांस की नली डालना) किया गया। महिला को प्लेसेंटा प्रीविया की समस्या थी। यह गर्भावस्था की एक जटिल और गंभीर स्थिति होती है, जिसमें प्लेसेंटा गर्भाशय के निचले हिस्से में चला जाता है और कभी-कभी गर्भाशय की ग्रीवा को पूरी तरह ढंक देता है। महिला की पिछली दो डिलीवरी सिजेरियन से हुई थी। जटिलताओं को देखते हुए डॉक्टरों ने लोअर सेगमेंट सिजेरियन सेक्शन के जरिए डिलीवरी की।

### अब होटल में काम करने को मजबूर है युवती

# फर्जी डॉक्टर ने तोड़ा एयर होस्टेज बनने का सपना

राजीव टाइम्स ▪ इंदौर

शहर में एक स्किन क्लिनिक पर टैटू हटवाने पहुंची युवती के साथ फर्जी डॉक्टरों ने खूब प्रयोग किए। उसके हाथों की स्किन खराब कर दी। युवती एयर होस्टेज बनने की तैयारी कर रही थी, लेकिन अब कोर्स पूरा होने के बाद कोई भी एयरलाइंस कंपनी युवती को काम देने को तैयार नहीं। एयर होस्टेज बनने की चाह रखने वाली युवती को अब होटल में काम करना पड़ रहा है, क्योंकि उसके हाथ की पूरी स्किन खराब हो चुकी है। मामले में युवती ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और पुलिस कमिश्नर सहित पलासिया थाने पर शिकायत कर क्लिनिक संचालक और फर्जी डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग की है।

प्राची ईशा ने पलासिया पुलिस और सीएमएचओ से की शिकायत में कहा है कि मैंने इंदौर से फ्रैंकफिन इंस्टिट्यूट से एयर होस्टेज का कोर्स कंप्लीट किया था। इसके बाद जब एयरलाइंस कंपनियों के इंटरव्यू के लिए गई तो बताया गया कि हाथ पर जो टैटू है, उसे हटवाना पड़ेगा। इसके बाद मां ने मेरा प्योरशेडो इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट से अपना इलाज करवाया था। वहां डॉ. दीपक और डॉ. जाह्नवी जैन ने मुझे भरोसा दिलाया कि आपके हाथ से हम गारंटी से टैटू हटा देंगे। इसके बाद मैंने अपना इलाज शुरू करवा दिया, लेकिन यहां कई सीटिंग का लेजर ट्रीटमेंट लेने के बाद भी मेरा टैटू नहीं हटा और स्किन सेंसिटिव होती रही। अब हालत यह है कि मेरे हाथ की टैटू के आसपास की पूरी स्किन खराब हो चुकी है। टैटू नहीं हटने से एयर होस्टेज बनने के लिए की गई पढ़ाई और खर्च हुई राशि 2 लाख के साथ मेरा समय भी खराब हो गया है। मुझे होटल में काम करना पड़ रहा है।

### बीएएमएस स्टूडेंट ने किया इलाज

दरअसल युवती का इलाज करने वाला डॉ. दीपक अभी डॉक्टर बना नहीं है। वह शुभदीप मेडिकल कॉलेज खंडवा रोड पर बीएएमएस की पढ़ाई कर रहा है। बीएएमएस की पढ़ाई करने वाला व्यक्ति इस तरह से इलाज नहीं कर सकता। पलासिया पुलिस ने क्लिनिक संचालिका जाह्नवी जैन को फोन लगाया है, जिसमें उसने इंदौर से बाहर होने की बात कही है। अब उसे बयान के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. सैत्या अनुसार युवती की शिकायत पर क्लिनिक पर टीम बनाकर भेजेंगे और जांच कराएंगे कि वहां किस तरह का इलाज किया जा रहा है। काम कर रहे लोगों के पास किस तरह की डिग्रियां हैं।

# नेशनल हाईवे की समस्याएं दस दिन में दूर की जाएं, सिलावट ने दिए निर्देश

संवाददाता ● इंदौर

शहर से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे पर स्ट्रीट लाइट और बदहाल सड़कों को लेकर शहरवासी लगातार सवाल उठा रहे हैं। बायपास पर स्थित कालोनियों के रहवासी एक्सीडेंट के शिकार हो रहे हैं जिसे लेकर मंत्री तुलसीराम सिलावट ने जिला प्रशासन, नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अलावा निगम और पुलिस के अधिकारियों बैठक की ओर दस दिन में समस्याओं को हल कर करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। दरअसल देवास जिले की सीमा से लेकर शुरू हुए इंदौर बाईपास के अंतिम छोर तक करीब चार फ्लावर का काम जारी है। वही नगर निगम और नेशनल हाईवे के बीच स्ट्रीट लाइट के मेंटेनेंस को लेकर काफी लंबे समय से विवाद चलता आ रहा है। जिसे लेकर क्षेत्रीय विधायक और मंत्री तुलसी सिलावट ने जिला प्रशासन, नगर निगम, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अलावा पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौजूद रहे। जहां मंत्री सिलावट के शहर के अखबारों में प्रकाशित हुई खबरों की कटिंग भी दिखाई और सख्त लहजे में अधिकारियों के बीच सामंजस्य ना बनाने के चलते समस्याओं खत्म करने के लिए दस दिन की मोहलत दी है। और कहा है कि यदि दस दिन में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो अधिकारियों पर कार्रवाई भी जा सकती है। वहीं मंत्री सिलावट के विधानसभा के निपनिया इलाके में नाले पर अतिक्रमण कर कॉलोनी काटने के मुद्दे पर सिलावट ने जांच करवाने की बात कही है।

# निपानिया में केंद्रीय विद्यालय मंजूर करने का अनुरोध

### मंत्री सिलावट ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान से की भेंट

संवाददाता ● इंदौर



जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इंदौर आगमन पर उनसे सौजन्य भेंट की। सिलावट ने उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री प्रधान से सांवेर विधानसभा के निपानिया क्षेत्र में नवीन केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग की। मंत्री सिलावट ने केंद्रीय मंत्री प्रधान को अवगत कराया की सांवेर विधानसभा अंतर्गत नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 36 के निपानिया क्षेत्र में 60 से अधिक कॉलोनियां, केन्द्रीय संगठन के कार्यालय एवं औद्योगिक इकाईयां तथा कई अस्पताल हैं। यहां की आबादी लगभग एक लाख से अधिक है, जिनमें सैकड़ों केन्द्रीय अधिकारी-कर्मचारी निवास करते हैं। निपानिया के इस क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय नहीं होने से केन्द्रीय औद्योगिक इकाईयों के अधिकारियों-कर्मचारियों के बच्चों को शिक्षा अर्जन हेतु शहर से दूर जाना पड़ता है, जिसके कारण बच्चों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। उक्त क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय की नवीन शाखा खोलने हेतु पर्याप्त भूमि एवं संसाधन उपलब्ध है। सिलावट ने आग्रह किया कि विधानसभा क्षेत्र सांवेर अंतर्गत इंदौर नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 35 के निपानिया क्षेत्र में एक केन्द्रीय विद्यालय स्वीकृत करने हेतु समुचित आदेश प्रदान करें।

### किसानों को भी साथ लिया, मुआवजे के लिए खातों की जानकारी मांगी

# नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने 64 किमी के पश्चिमी बायपास के लिए मार्किंग की

संवाददाता ● इंदौर

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने पूरे 64 किलोमीटर में मार्किंग भी कर दी है, जहां पर रोड का निर्माण किया जाना है। इसके लिए पिलरों को लगाने के साथ मौजूदा पेड़ों पर भी पार्किंग की गई है और इसमें संबंधित किसानों को भी साथ लिया गया। नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा पश्चिमी बायपास का निर्माण अब जल्द शुरू किया जाएगा, जिसकी टेंडर प्रक्रिया पूर्व में ही हो चुकी है। पिछले दिनों प्रशासन ने निजी जमीन मालिकों, किसानों के लिए मुआवजा राशि का अवॉर्ड भी पारित कर दिया। शहर के लिए पश्चिमी के साथ पूर्वी बायपास का निर्माण भी अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि मौजूदा बायपास पर अब यातायात लगातार बढ़ रहा है और यह शहरी सीमा में भी आ गया है, जिसके चलते आवासीय, व्यवसायिक और अन्य गतिविधियां लगातार बढ़ रही है, जिसके चलते नेशनल हाईवे ने सिक्स लेन के पश्चिमी बायपास के निर्माण की प्रक्रिया को तेज किया है और कलेक्टर आशीष सिंह ने भी अपने सभी एसडीएम को लगाकर पहले तो सर्वे करवाया और उसके बाद भू-अधिग्रहण के लिए अवॉर्ड भी पारित करवा दिए।

**मार्किंग**



### 1000 करोड़ का मुआवजा

देपालपुर, हातोद और सांवेर की जमीनें इस पश्चिमी बायपास के लिए अधिग्रहित की जा रही है और इंदौर और धार जिले की लगभग 1200 एकड़ से अधिक निजी और सरकारी जमीनें इसमें शामिल रहेगी। नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारी सुमेश बांझल के मुताबिक लगभग 800 करोड़ रुपए का अवॉर्ड जो इंदौर प्रशासन ने जारी किया उसके पश्चात धार कलेक्टर द्वारा भी लगभग 200 करोड़ रुपए का अवॉर्ड पारित हुआ है। इस तरह कुल 1000 करोड़ रुपए की मुआवजा राशि इस सिक्स लेन में जिन किसानों की जमीनें आ रही है उनके खातों में नकद जमा कराई जाएगी। इसके लिए भूमि राशि पोर्टल के माध्यम से सिंगल क्लिक के जरिए ही किसानों को उनके खातों में पैसा मिल जाएगा। लिहाजा उन्होंने किसानों से भी अनुरोध किया है कि वे जल्द से जल्द अपने खातों की जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि मुआवजा राशि उनके खातों में फटाफट जमा हो सके।

# बुरी जीत से अच्छा है, शान से हार जाएं

1960 में दक्षिण अफ्रीका में जन्मे केविन कार्टर रंगभेद युग में पले-बढ़े थे। गोरे होने के नाते उन्होंने विशेषाधिकारों का आनंद लिया, पढ़ाई की और वायुसेना में शामिल हुए। 1980 में भेदभाव का सामना कर रहे एक अश्वेत का बचाव करने पर उन्हें पीटा गया। यह घटना उनकी जाग्रति का महत्वपूर्ण मोड़ बनी। 1983 में उन्होंने कुछ भयानक बम विस्फोट देखे और हिंसा से खिन्न होकर उन्होंने रंगभेद की भयावहता को उजागर करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया। 1984 में वे जोहान्सबर्ग स्टार अखबार के फोटोग्राफर बन गए। अगले 10 वर्षों में केविन को विरोध प्रदर्शनों, अंतिम संस्कारों और पुलिस व रंगभेद विरोधी कार्यकताओं के बीच झड़पों की तस्वीरें लेने के लिए कई बार गिरफ्तार किया गया।

1993 में कार्टर को सूडान में एक असाइनमेंट मिला। सूखे और गृहयुद्ध से बर्बाद इस देश पर दुनिया के मीडिया ने तब तक बहुत कम ध्यान दिया था। केविन संयुक्त राष्ट्र के एक फूड-कैम्प में पहुंचे। वहां उन्होंने एक बच्ची को देखा, जो अकाल से ग्रस्त होकर मिट्टी में पड़ी थी। उसके बगल में एक गिद्ध लालचपूर्ण-धैर्य के साथ उसके मरने का इंतजार कर रहा था।

केविन के शरीर की हर रग उस भयावह दृश्य को देखकर चीख उठी। उन्होंने यंत्रवत ही कैमरा उठाया और अनेक छायाचित्रों में हर कोण से उस बच्ची की पीड़ा को कैमरे में कैद कर लिया। उन्हें इस त्रासदी को दुनिया के सामने लाने वाला भयावह दृश्य मिल गया था। कुछ खबरों के मुताबिक केविन ने गिद्ध को भगा दिया था और उस कृशकाय बच्ची को उठाकर उसके कानों में फुसफुसाते हुए उसे सांत्वना दी थी कि जल्द ही सब ठीक हो जाएगा। फिर उन्होंने बच्ची को बचाव दल को सौंप दिया था। लेकिन उन्हें नहीं पता था कि यह तस्वीर उन्हें आजीवन परेशान करेगी।

वापस लौटने पर उन्हें इस तस्वीर के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया। लेकिन प्रशंसा के साथ-साथ आलोचना और पड़ताल भी हुई। कई लोगों ने उनके इरादों पर सवाल उठाए और उन पर अपने निजी मकसद के लिए एक बच्ची

**केविन के शरीर की हर रग उस भयावह दृश्य को देखकर चीख उठी। उन्होंने यंत्रवत ही कैमरा उठाया और अनेक छायाचित्रों में हर कोण से उस बच्ची की पीड़ा को कैमरे में कैद कर लिया। उन्हें इस त्रासदी को दुनिया के सामने लाने वाला भयावह दृश्य मिल गया था। कुछ खबरों के मुताबिक केविन ने गिद्ध को भगा दिया था और उस कृशकाय बच्ची को उठाकर उसके कानों में फुसफुसाते हुए उसे सांत्वना दी थी कि जल्द ही सब ठीक हो जाएगा। फिर उन्होंने बच्ची को बचाव दल को सौंप दिया था। लेकिन उन्हें नहीं पता था कि यह तस्वीर उन्हें आजीवन परेशान करेगी।**

की पीड़ा का फायदा उठाने का आरोप लगाया। अप्रैल 1994 में जब केविन को पुलित्जर पुरस्कार मिला तो यह उनके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि होनी चाहिए थी। लेकिन वह पुरस्कार उन्हें अपने उस असहनीय अपराध-बोध की याद दिलाने लगा। मुझे 1994 में जोहान्सबर्ग में केविन से मिलने का मौका मिला था, जब मैं नेल्सन मंडेला के दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति बनने की घटना को कवर कर रहा था। इसके चार महीने बाद ही केविन ने 33 साल की उम्र में आत्महत्या कर ली।

उसी साल (1994) और उसी देश (सूडान) से आठ साल के गुओर मारिअल गृह युद्ध के दौरान दक्षिण सूडान के एक शरणार्थी शिविर से भाग निकले थे। एक रात सैनिकों ने उनके घर पर छापा मारा था और एक राइफल के प्रहार से उनका जबड़ा तोड़ दिया था। वे बेहोश हो गए। बाद में उन्होंने खुद को एक शरणार्थी शिविर में पाया। उनके परिवार के 28 सदस्य मारे गए, लेकिन वे मिस्र भागने में सफल रहे, और फिर 16 साल की उम्र में स्थायी रूप से अमेरिका चले गए। चूंकि वे बचपन से ही सशस्त्र विद्रोहियों से भागते आ रहे थे, इसलिए 28 की उम्र में उन्हें 2012 के लंदन ओलिम्पिक में मैराथन के लिए प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिला। तब सवाल उठा कि वे किस देश का झंडा लेकर चलेंगे? वे अमेरिकी नागरिक नहीं थे और उनकी मातृभूमि दक्षिण सूडान को 2011 में ही एक स्वतंत्र देश का दर्जा मिला था। वह देश ओलिम्पिक में सम्मिलित होने की पात्रता को पूरा नहीं कर पाया था। यही कारण था कि जब गुओर के समक्ष सूडान का झंडा लेकर चलने की पेशकश की गई, तो उन्होंने विनम्रता से मना कर दिया। क्योंकि सूडान से हुआ गृहयुद्ध ही उनके परिवार की हत्या के लिए जिम्मेदार था। उन्होंने ओलिम्पिक ध्वज उठाया और वे पहले या तीसरे नहीं, बल्कि 47वें स्थान पर रहे। लेकिन पूरी दुनिया और मीडिया ने उनकी ‘विजयी' हार का जश्न मनाया, क्योंकि उन्होंने मात्र एक साल पुराने एक देश को पहचान दी थी। फंडा यह है कि तय करें हमारे बच्चों को क्या चुनना चाहिए- एक विजयी हार को अपनाना या एक बुरी जीत का आनंद लेना।

## संत वचन

मसीह में भाइयों और बहनों, जैसा कि हमने एंटिओक के सेंट इग्नाटियस के जीवन और उदाहरणों से सुना है, और जैसा कि हमने पवित्र शास्त्रों के शब्दों को समझा है, इसलिए हम सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें ताकि हम उन लोगों के पदचिन्हों पर चल सकें जो हमसे पहले चले गए हैं और अपने जीवन और ईश्वर में विश्वास में अनुकरणीय रहे हैं। आइए हम सभी अपने अभिमान और अहंकार, लालच और अन्य प्रकार की इच्छाओं को त्याग दें जो हमें हमारे पतन की ओर ले जा सकती हैं। आइए हम सभी अब से अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में ईश्वर की इच्छा को और अधिक ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास करें, और आइए हम अपने स्वयं के अनुकरणीय जीवन से एक-दूसरे को प्रेरित करना जारी रखें ताकि हम सभी को प्रभु के और करीब ला सकें। आज के हमारे प्रथम वाचन में, जो प्रेरित पौलुस द्वारा कलीसिया और इफिसुस नगर और क्षेत्र के ईश्वर के वफादार लोगों को लिखे गए पत्र से लिया गया है,

# आप जानते हैं सिटिंग एडिक्शन और वर्ल्ड नो टोबैको वीक में भी संबंध है?

## एडिट.नोट

उन दिनों, जब मैं संपादक हुआ करता था, तब अगर मेरे रिपोर्टर अपनी डेस्क पर नहीं मिलते थे, तो मैं सीधे वॉटर कूलर के पास पहुंच जाता था। उनमें से कम से कम दो लोग वहां गहरी चर्चा करते हुए मिल जाते थे। मुझे देखते ही वे बिना पूछे कहते, ‘बस पानी पीने आए थे!’ लेकिन आजकल के दफ्तरों में वॉटर कूलर के पास खड़े होकर, बीती रात देखे गए टीवी सीरियल की चर्चा करने वाले दिन चले गए हैं। आज अगर आप चाहते हैं कि जेन जी को किसी शो के बारे में पता चले, तो उस शो की रील उनकी सोशल मीडिया फीड पर वायरल होनी चाहिए, कई चैनल मालिक इस बात को बखूबी जानते हैं। टीवी सीरियल निमार्ताओं के लिए वॉटर कूलर्स के जरिए इन युवा दर्शकों तक पहुंचना मुश्किल है। इसलिए ताज्जुब की बात नहीं कि वे अब छोटे-छोटे कंटेंट सोशल मीडिया पर डालते हैं। इससे मैं सोचने पर मजबूर हो गया कि ये जेन जी छोटी फीड किस तरह देखती है। इस शुक्रवार को जब मैं एक ग्लोबल आईटी कंपनी गया, तो वहां मेरे दिमाग का एंटीना एकदम सतर्कता वाले मोड में था, वहां मैंने देखा कि जेन जी के लोग सबसे पहले बैठने का मौका तलाश रहे थे, फिर चाहे कहीं भी हो। मैंने देखा कि एक युवा की नजरें कमरे में खाली कुर्सी ढूंढ रही थीं। उसके दिमाग में चल रहा था, ‘वहां एक खाली कुर्सी है। अगर मैं जल्दी पहुंचा तो मुझे मिल जाएगी।’ दूसरा व्यक्ति जो कुछ सेकंड बाद आया, उसने सोचा, ‘मैं बिना बैठे मीटिंग में शामिल नहीं होऊंगा। रे पास क्लाइंट कॉल है। अगर मुझे बैठने की जगह नहीं मिली तो मैं माफी मांग लूंगा।’ मैंने सोचा कि अगर दोनों एक साथ कमरे में आते और दोनों की नजरें उसी खाली कुर्सी पर होतीं, तो यह एक म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता जैसा होता। मीटिंग के बाद मेट्रो में यात्रा करते समय मैंने उसी जेन जी वाले युवा को देखा जो खड़ा था और उसकी नजरें यह गुणा-भाग कर रही थीं कि कौन सा व्यक्ति अगले स्टेशन पर उतरेगा। जब उसकी गणना गलत हो गई, तो उसके चेहरे पर स्पष्ट निराशा दिखी। वह खड़े होने की जगह बदलता रहा ताकि अगले स्टेशन पर उतरने वाले व्यक्ति को देख सके।

यही जेनरेशन एयरपोर्ट पर भी देखी जा सकती है, जहां सभी सीटें भरी होती हैं, तो वे फर्श पर आराम से बैठ जाते हैं। रेलवे स्टेशनों पर भी यही हाल है। कुछ इसे आधुनिक स्टाइल मानते हैं और कुछ सोचते हैं ‘किसे परवाह है।’ याद रखिए इसका संबंध दूसरों की राय से नहीं, बल्कि खुद से जुड़ा है। दुर्भाग्यवश, वे यह नहीं समझते कि वे बैठने की लत के चरम पर पहुंच चुके हैं! अगर आप भी लंबे समय तक बैठते हैं, तो यह चेतावनी आपके लिए है।

इस सप्ताह प्रकाशित एक शोध के अनुसार, बैठने की लत आपके मस्तिष्क को सिकोड़ सकती है, जिससे संज्ञानात्मक समस्याएं हो सकती हैं और जीवन के बाद के वर्षों में विभिन्न प्रकार के डिमेंशिया का खतरा बढ़ सकता है।एक लेख में कहा गया है, ‘बैठना नए तरह का धूम्रपान है।’ हर साल 31 मई को मनाया जाने वाला ‘वर्ल्ड नो टोबैको डे’ तंबाकू के उपयोग के खतरों के बारे में जनता को जागरूक करता है। आपको राज की बात बताऊं? जो लोग बैठे रहते हैं, वे भले ही नॉन-स्मोकर्स हों, लेकिन जैसे स्मोकर्स खिड़की से सिगरेट बट फेंकने के लिए उठते हैं, वैसे ही बैठने की इस आदत को खिड़की से बाहर फेंकने के लिए उठिए, क्योंकि यह भी स्मोकिंग से कम नहीं है! शोधकताओं का तो यही कहना है। फंडा यह है कि लंबे समय तक बैठना एक लत की तरह है, जो शुरू करना आसान है लेकिन छोड़ना मुश्किल। इस आदत को छोड़ दें, नहीं तो वह दिन दूर नहीं जब ‘एल्कोहलिक एनोनिमस’ की तरह ही ‘सिटहोलिक्स एनोनिमस’ जैसे संगठन भी मशरूम की तरह फैलने लगेंगे। लोकतंत्र में परिपक्व-संवाद उसकी मजबूती का प्रतीक है, कमजोरी का नहीं। युद्ध विराम का अमेरिकी संस्करण हमारे संस्करण से अलग क्यों है- सरकार को इसे स्पष्ट करना चाहिए, या तो संसद के विशेष सत्र के माध्यम से या सर्वदलीय ब्रीफिंग के जरिए। अतीत में नेहरू और वाजपेयी द्वारा स्थापित ऐतिहासिक उदाहरण को हमें नहीं भूलना चाहिए। अब जब युद्ध विराम हो गया है, तो ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित किसी वैध सवाल को यह कहकर नहीं टाला जा सकता कि यह राष्ट्र-विरोधी है। सरकार को राष्ट्रीय हित की सीमाओं के भीतर लोगों को विश्वास में लेना चाहिए।

## स्वतंत्र - लेखक

# अवैध घुसपैठ पर भारत का साफ संदेश

हर देश की अपनी सीमाएं होती हैं, और उन सीमाओं की रक्षा करना किसी भी राष्ट्र की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। जब कोई व्यक्ति बिना वैध दस्तावेजों के, छुपकर या नियमों को तोड़ते हुए किसी देश में प्रवेश करता है, तो उसे ‘अवैध घुसपैठिया’ कहा जाता है। भारत में भी कई वर्षों से अवैध घुसपैठ की समस्या बनी हुई है, विशेषकर बांग्लादेश से आने वाले लोगों की संख्या चिंताजनक रही है। अब भारत सरकार ने इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाया है और साफ संदेश दिया है कि अवैध घुसपैठ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अवैध घुसपैठ क्या है? अवैध घुसपैठ का अर्थ है कि कोई व्यक्ति किसी देश की सीमा में बिना वैध पासपोर्ट, वीजा या दस्तावेजों के प्रवेश करता है। यह प्रवेश चोरी-छिपे होता है, जिससे न केवल देश की सुरक्षा को खतरा होता है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संतुलन भी प्रभावित होता है।

समस्या की गंभीरता भारत के पूर्वी हिस्सों, विशेषकर पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा और बिहार में लंबे समय से बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठियों की मौजूदगी देखी जा रही है। ये लोग आम नागरिकों की नौकरियों, संसाधनों और सुविधाओं पर भी असर डालते हैं। इसके अलावा, कई बार इन अवैध लोगों में से कुछ अपराधों में भी लिप्त पाए जाते हैं, जिससे आंतरिक सुरक्षा को खतरा होता है।

भारत सरकार की सख्ती हाल ही में सरकार ने 2369 अवैध घुसपैठियों की पहचान की है और उनकी नागरिकता की पुष्टि के लिए बांग्लादेश से अनुरोध किया है। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन लोगों को बांग्लादेश वापस भेजा जाएगा। यह कदम स्पष्ट रूप से बताता है कि भारत अब अपनी सीमाओं और नागरिकता कानूनों के उल्लंघन को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगा।

इस कदम की आवश्यकता क्यों थी?

1. राष्ट्रीय सुरक्षाः अवैध प्रवासी अक्सर निगरानी से बाहर होते हैं, जिससे देश की सुरक्षा प्रणाली को खतरा होता है। 2. सामाजिक तनावः ये घुसपैठिए सीमित संसाधनों जैसे नौकरी, शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य आदि में भागीदारी करते हैं, जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष उत्पन्न होता है। 3. राजनीतिक अस्थिरताः अवैध नागरिकों का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल कई बार देखा गया है, जिससे लोकतंत्र पर भी असर पड़ता है। 4. आर्थिक बोझः सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर ये लोग सरकारी खर्च बढ़ाते हैं, जिससे देश की अर्थव्यवस्था पर भी प्रभाव पड़ता है।

भारत का रुख और भविष्य की दिशा भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब नागरिकता और पहचान के आधार पर ही देश में रहने की अनुमति दी जाएगी। यह कदम केवल बांग्लादेशी घुसपैठियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों पर भी सख्त निगरानी होगी। इसके लिए सरकार ने ठफ्छ (ठं३ङ्कल्लं' र्फ़्२३ी१ ङ्का ऊ३९ील्ल२), उअअ (ऊ३९ील्ल२ॅस्त्र ओंल्लोंल्ल३ अू३) जैसे कदम उठाए हैं। ‘राष्ट्र सुरक्षा सर्वोपरि’ सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि भारत की नीति बन चुकी है। अवैध घुसपैठ न केवल एक देश की सीमाओं का उल्लंघन है, बल्कि उसकी संप्रभुता और विकास में भी बाधा है। भारत सरकार का यह सख्त संदेश स्वागत योग्य है और इससे न केवल देश की सुरक्षा मजबूत होगी बल्कि सामाजिक व्यवस्था भी सुदृढ़ बनेगी। हर नागरिक को चाहिए कि वह इस पहल का समर्थन करे और देश की अखंडता को बनाए रखने में सहयोग दे।

## बिजनेस

# मोबाइल टावर लगाने के नाम पर फ्रॉड:लोगों से 5,000 का डिपॉजिट मांग रहे जालसाज

## दूरसंचार विभाग ने कहा- नोटिस फेक है

दूरसंचार विभाग ने लोगों को मोबाइल टावर लगाने के नाम पर हो रही धोखाधड़ी के खिलाफ आगाह किया है। जालसाज लोगों को मैसेज भेजकर टावर लगाने के बदले पैसे वसूल रहे हैं। न्यूज एजेंसी ढक्ष्ठ फैक्ट चेक ने इन मैसेज को फर्जी बताते हुए लोगों से सावधान रहने की सलाह दी है। ऊङ्कळ ने कहा है कि उसकी और भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ळफअक) की तरफ से इस तरह का कोई मैसेज नहीं भेजा गया है।

साइबर अपराधी लोगों को मंथली किराया देने के बदले घर की छत या खाली जमीन पर मोबाइल टावर लगवाने का लालच देते हैं। उनके द्वारा ऐसा लेटर तैयार किया जाता है, जो सरकारी आदेश की तरह नजर आता है। इसकी भाषा भी बिल्कुल सरकारी दस्तावेज की तरह लगती है। इसमें टावर लगवाने के बदले 5,000 रुपए कंपनी के वकील के खाते में जमा कराने को कहा जाता है। कुछ लोग इस झांसे में आकर ठगी का शिकार हो रहे हैं।ळफअक ने कहा कि उसकी तरफ से मोबाइल टावर लगाने के लिए कोई ठडउ जारी नहीं की जाती है। अगर, इस तरह का कोई मैसेज आपको मिलता है तो यह पूरी तरह से फर्जी है।

ळफअक ने कहा कि इस तरह का मैसेज आने पर किसी तरह का लेन-देन करने से बचें। आप संबंधित मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर को इस बारे में सूचित करें। दूरसंचार विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर भी चेक कर सकते हैं और थाने में फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराएं। आइए जानते हैं मोबाइल टावर लगाने के नाम पर हो रही ठगी से खुद को कैसे बचाएं और मोबाइल टावर लगवाने का सही प्रोसेस क्या है...

सवाल- मोबाइल टावर के नाम पर साइबर ठग लोगों को कैसे अपने जाल में फंसाते हैं?

जवाब- साइबर ठग लोगों को उनकी जमीन या छत पर टावर लगवाने के बदले हर महीने मोटी कमाई का झांसा देते हैं। इसके साथ ही टेलिकॉम कंपनी की तरफ से एक व्यक्ति को नौकरी देने का भी वादा करते हैं। यही वजह है कि लोग आसानी से उनके झांसे में आ जाते हैं और ठगी का शिकार हो जाते हैं।

सवाल- मोबाइल टावर के नाम पर होने वाले स्कैम से कैसे बच सकते हैं?

जवाब- मोबाइल टावर स्कैम में सबसे पहले स्कैमर्स टेलिकॉम कंपनी का प्रतिनिधि होने का दावा करते हैं। इसके बाद वह कंपनी की पॉलिसी के नाम पर आपको नौकरी या बिना कुछ किए मोटी कमाई करने का लालच देते हैं। जब आप एक बार उनके झांसे में आ जाते हैं तो वह कंपनी में रजिस्ट्रेशन करने के नाम पर आपसे फाइल चार्ज मांगते हैं।

हमेशा ध्यान रखें कि कभी भी टेलिकॉम कंपनी किसी को इस तरह फोन करके मोबाइल टावर लगाने का ऑफर नहीं देती है। अगर आपके पास ऐसा कोई कॉल आए तो उसके झांसे में न आएं। इसके अलावा नीचे ग्राफिक में दी गई कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।जवाब- अगर आप अपने प्लॉट या छत पर मोबाइल टावर लगवाना चाहते हैं तो सबसे पहले आपको टावर ऑपरेट करने वाली कंपनी से संपर्क करना होगा। इसके लिए टावर ऑपरेट कंपनी के ऑफिस जाना होगा। साथ ही ऑनलाइन वेबसाइट पर भी विजिट कर सकते हैं।

## राज-काज

### कभी एलन मस्क ने उड़ाया था इस गाड़ी का मजाक

**नई दिल्ली।** चीन की ऑटो कंपनी बीवाईडी ने दुनिया के ऑटो मार्केट में तहलका मचा रखा है। शेनजेन की इस कंपनी ने पिछले साल बिक्री के मामले में एलन मस्क की कंपनी टेस्ला को पीछे छोड़ दिया। पिछले हफ्ते कंपनी ने ऐसी बैटरी लॉन्च की जो पांच मिनट चार्ज करने पर 250 मील की रेंज दे सकती है। इसी तरह पिछले महीने उसने एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम ऋङ्कक्ष्२ एटी लॉन्च किया जो टेस्ला के फुल सेल्फ-ड्राइविंग फीचर के मुकाबले काफी सस्ता है। यानी यह कंपनी हर मोर्चे पर टेस्ला को टक्कर दे रही है। एक दौर ऐसा भी था जब मस्क इस चीनी कंपनी को कोई भाव देने को तैयार नहीं थे और आज यह सेल्स, इनोवेशन और कीमत के मामले में टेस्ला पर भारी पड़ती दिख रही है। बीवाईडी के उभार से दुनियाभर की कंपनियों की नींद उड़ी हुई है।

# 11 साल में 27 करोड़ भारतीय अत्यधिक-गरीबी से बाहर निकले

**नई दिल्ली।** भारत में 11 साल में 269 मिलियन यानी करीब 27 करोड़ लोग एक्सट्रीम पॉवर्टी यानी अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले हैं। यह बात वर्ल्ड बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में कही है। वर्ल्ड बैंक के लेटेस्ट आंकड़ों के मुताबिक, एक्सट्रीम पॉवर्टी रेट 2011-12 में 27.1% से घटकर 2022-23 में केवल 5.3% रह गई है। वहीं 11 साल में अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 344.47 मिलियन (34.44 करोड़) से घटकर 75.24 मिलियन (7.52 करोड़) रह गई है। इस हिसाब से देखा जाए तो 269 मिलियन यानी करीब 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया।

गरीबी में कमी के पीछे 5 राज्यों का दो-तिहाई योगदान यह प्रोग्रेस पिछले दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लीडरशिप में पॉलिसी इनिशिएटिव और इकोनॉमिक रिफॉर्म्स के चलते देखने को मिली है। आंकड़ों के अनुसार, 5 राज्यों- उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में 2011-12 में देश के 65% अत्यंत गरीब लोग थे। अब इन 5 राज्यों ने ही 2022-23 तक राष्ट्रीय गरीबी में कमी में दो-तिहाई का योगदान दिया है।वर्ल्ड बैंक ने गरीबी का आकलन 3.00 डॉलर प्रति दिन (2021 की कीमतों) की इंटरनेशनल पॉवर्टी लाइन के अनुसार किया है। यह ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में गरीबी में तेज गिरावट को दशार्ता है। इसी अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 18.4% से घटकर 2.8% प्रतिशत हो गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 10.7% से घट-कर 1.1% पर आ गई है।

2.15 डॉलर प्रति दिन (2017 की कीमतों) के पहले के बेंचमार्क का हिसाब से देखा जाए, तो गरीबी दर 2011-12 में 16.2% से घटकर 2022 में सिर्फ 2.3% रह गई है। इस सीमा से नीचे रहने वाले भारतीयों की संख्या 2011 के 205.93 मिलियन (20.59 करोड़) से घटकर 2022 में 33.66 मिलियन (3.36 करोड़) हो गई है। मल्टीडाइमेंशनल पॉवर्टी भी 53.8% से घटकर 15.5% रह गई भारत ने मल्टीडायमेंशनल पॉवर्टी यानी बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी बड़ी कामयाबी हासिल की है। मल्टीडायमेंशनल पॉवर्टी इंडेक्स (टढक) हेल्थ, एजुकेशन और स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग में कमी दशार्ता है। मल्टीडायमेंशनल पॉवर्टी 2005-06 में 53.8% थी, जो 2019-21 में घटकर 16.4% और 2022-23 में गिरकर 15.5% रह गई।

# 1 जुलाई से जीएसटी नियमों में बदलाव... 3 साल से पुराने रिटर्न नहीं भर पाएंगे, एक्सपर्ट ने जता दी चिंता

**नई दिल्लीः** 1 जुलाई 2025 से ऋड्ढळ (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) रिटर्न भरने के नियम बदल जाएंगे। (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क) ने एक सूचना जारी की है। इसके अनुसार, अब आप पुराने जीएसटी रिटर्न तीन साल बाद नहीं भर पाएंगे। इसका मतलब है कि अगर आप मासिक या सालाना रिटर्न भरने में देरी करते हैं, तो आपके पास सिर्फ तीन साल का समय होगा। जुलाई 2025 से पोर्टल पर यह नियम लागू हो जाएगा। हालांकि इस नियम पर जानकारों ने चिंता जताई है।

यह बदलाव फाइनेंस एक्ट, 2023 के तहत किया गया है। इसका मकसद है कि लोग समय पर रिटर्न भरें और पुराने बकाया को खत्म किया जा सके। यह नियम कई तरह के रिटर्न पर लागू होगा। इन रिटर्न में बिक्री की जानकारी, टैक्स भुगतान और सालाना जानकारी शामिल होती है।जीएसटीएन की सूचना में कहा गया है, 'रिटर्न भरने की समय सीमा तीन साल बाद खत्म हो जाएगी। यह नियम जीएसटी पोर्टल पर जुलाई 2025 से लागू होगा।' टैक्स भरने वालों को सलाह दी गई है कि वे अपने रेकॉर्ड को ठीक करें और जो भी रिटर्न बाकी हैं, उन्हें तुरंत भर दें। ऐसा न करने पर आप फिर कभी रिटर्न नहीं भर पाएंगे।इस नियम पर जानकारों ने चिंता जताई है। टैक्स के जानकारों का कहना है कि इससे उन लोगों को परेशानी हो सकती है जो कानूनी मामलों, तकनीकी दिक्कतों या गलती से हुई देरी के कारण रिटर्न नहीं भर पाए हैं। सीनियर पार्टनर रजत मोहन ने कहा, 'यह कदम सिस्टम को बेहतर बनाएगा और जो लोग लंबे समय से रिटर्न नहीं भर रहे हैं, उन पर लगाम कसेगा। लेकिन इससे उन लोगों को बहुत नुकसान होगा जो कानूनी मामलों, सिस्टम में खराबी या भूल के कारण रिटर्न नहीं भर पाए हैं।




केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल लंदन में स्वामीनारायण मंदिर के दर्शन के दौरान।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुंडम में आईटीआई भवन का किया लोकार्पण

# 1400 करोड़ की लागत से बनेगा गौमुख जलाशय : सीएम

**संवाददाता ● भोपाल**



**लोकार्पण**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कुंडम में जबलपुर और मंडला जिले के किसानों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुंडम के समीप ग्राम छपरा में सांदीपनिविद्यालय और आईटीआई का लोकार्पण करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए 1400 करोड़ रुपए की लागत से गौमुख जलाशय बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौमुख जलाशय से 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। जलाशय से जबलपुर जिले के 14 हजार 900 और मंडला जिले के 10 हजार 100 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई संभावित है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र को सांदीपनि विद्यालय और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था की सौगात मिल रही है। यह शिक्षा के मंदिर इस क्षेत्र में रहने वाले छात्र-छात्राओं के जीवन में बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और विद्यार्थियों के जीवन की बेहतर दिशा तय करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि भगवान श्री कृष्ण और श्री बलराम ने संदीपनि आश्रम में अपनी शिक्षा ग्रहण की। शिक्षा ग्रहण करने के बाद विद्यार्थी नए रूप में उभरकर सामने आते हैं। इस अवसर पर राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेंटवाल, विधायक सर्व श्री संतोष बरकड़े, अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी एवं सुशील कुमार तिवारी इंदु सहित अन्य जनप्रतिनिधि मंचासीन थे।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रदेश के दो सांदीपनि विद्यालय क्रमशः रतलाम का विनोबा सीएम राइज स्कूल 'विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कार, 2024' के 'नवाचार' श्रेणी में प्रथम स्थान पर घोषित हुआ है। सीएम राइज मॉडल उच्चतर माध्यमिक स्कूल झाबुआ को 'सपोर्टिंग हेल्दी लाइफ' में चुना गया है। लंदन स्थित T-4 एजुकेशन संस्था ने विभिन्न श्रेणियों में हमारे सांदीपनि विद्यालियों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में शामिल किया है। कक्षा 10वी एवं 12वी बोर्ड परीक्षा के परिणामों में शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों ने निजी विद्यालयों की तुलना में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि गोंडवाना समाज की रानी दुर्गावती ने अपने पराक्रम से दुश्मनों को मात दी। उन्होंने 52 लड़ाईयां लड़कर दुश्मनों के दांत खट्टे किये। उन्होंने अपने शौर्य के साथ-साथ जल संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो परियोजना के स्वप्न को पूरा करने की दिशा में काम किया जा रहा है। वर्तमान में मध्यप्रदेश में तीन नदी जोड़ो परियोजना चल रही है। किसानों की आमदनी दोगुनी हो इसके लिये किसान मेले भी लगाए जा रहे हैं। हाल ही में नरसिंहपुर जिले में तीन दिवसीय कृषि उद्योग मेला लगाया गया। इन मेलों का उद्देश्य किसानों को उन्नत खेती, नई तकनीक और विशेषज्ञों का मार्गदर्शन देकर उन्हें जानकारी प्रदान करना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार जल सरंक्षण की दिशा में जल गंगा संवर्धन अभियान चला रही है। तीन माह चलने वाले इस अभियान में प्रदेश में 75 हजार खेत तालाब बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें ढाई महीने में 70 हजार खेत तालाब बन चुके हैं। आगामी रक्षाबंधन के पर्व पर लाडली बहना योजना की राशि बढ़ाई जायेगी और पांच साल में इस राशि को 3 हजार रूपये तक पहुंचाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के कार्य हो रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल के 9 जून को 11 वर्ष पूर्ण होने जा रहे है। इस उपलक्ष्य पर नारी सशक्तिकरण, युवा शक्ति, गरीब कल्याण, किसान कल्याण के साथ विभिन्न क्षेत्र में अर्जित उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने विगत दिवस प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा लोकार्पित चिनाव नदी पर बने रेल्वे पुल की उपयोगिता के बारे में बताया।

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री श्री गौतम टेटवाल ने तकनीकी शिक्षा, कौशल एवं रोजगार की उपलब्धियों के बारे में बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में कुंडम आईटीआई प्रारंभ किया गया था जिसमें 49 छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। वर्तमान मे यहाँ लगभग 12 करोड़ 63 लाख की लागत राशि से आईटीआई भवन, बालक बालिका हॉस्टल एवं स्टाफ़ के लिए क्वार्टर तैयार किया गया है। क्षेत्र के बालक-बालिकाओं को उनका हुनर और कौशल विकास में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम को विधायक श्री संतोष वरकड़े ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किया।

## शॉर्ट न्यूज

### शहर में कुर्बानी का 200 टन अवशेष प्लांट पर भेजा

**भोपाल।** भोपाल में ईदुल अजहा (बकरीद) पर नगर निगम ने कुर्बानी का करीब 200 टन अवशेष एकत्रित किया। जिसे आदमपुर छावनी स्थित रेंडरिंग प्लांट भेजा गया। यहां इससे मुर्गी और बिल्लियों के लिए दाना तैयार किया जाएगा। दूसरे दिन, रविवार को भी टीमें मैदान में तैनात की गई है। 110 जगहों पर कंटेनर रखे गए हैं। वहीं, बायो वेस्ट फेंकने पर 15 हजार का जुर्माना भी किया गया है। स्वच्छता मित्र इम्तियाज खान ने बताया कि नगर निगम और उनकी टीम मैदान में है। पहले दिन जितना अवशेष एकत्रित हुए। उसे रेंडरिंग प्लांट में पहुंचाया जा चुका है। रविवार को भी टीमें लोगों पर नजर रख रही है। तालाब किनारों पर भी टीमें तैनात हैं। ताकि, यदि कोई अवशेष फेंकता मिला तो तत्काल कार्रवाई हो सके। अब तक ढाई सौ से ज्यादा लोगों को रोका जा चुका है।

### राजधानी में 10 जून से शुरू होगा 'आम महोत्सव 8.0

**भोपाल।** राजधानी के बिट्टन मार्केट स्थित नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में 'राज्य स्तरीय आम महोत्सव 8.0' की शुरुआत 10 जून से होगी। 14 जून तक चलने वाले इस आयोजन में मध्यप्रदेश के आदिवासी जिलों से लाए गए प्राकृतिक रूप से पके रसायनमुक्त आमों की 15 से अधिक किस्में बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगी। इस वर्ष महोत्सव की खास बात यह है कि पहली बार दुर्लभ नूरजहां आम बिक्री के लिए उपलब्ध करवाया गया है। इससे पहले यह आम केवल प्रदर्शनी के लिए रखा जाता था। इस आम की कीमत 2,000 प्रति किलो है और इसका वजन 1.1 किलो से अधिक का होता है। नूरजहां आम का उत्पादन केवल आलीराजपुर जिले के कट्ठीवाड़ा क्षेत्र में होता है, जहां इसकी खेती केवल 10 पेड़ों पर होती है। यह आम इतना भारी होता है कि हल्की हवा से भी गिर सकता है।

# 'मेरी मौत के जिम्मेदार पत्नी और सास-ससुर'

### युवक ने फांसी लगाकर दे दी जान

**संवाददाता ● शिवपुरी**



**मामला**

मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां सास-ससुर और पत्नी की मारपीट से तंग आकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान शरीफ खान (25) के रूप में हुई है। ये पूरा मामला जिले के बैराड़ थाना इलाके के गोंदरी गांव का बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गोंदरी के रहने वाले अजीज खान के बेटे शरीफ का तीन दिन पहले उसकी पत्नी रानी खान से पारिवारिक कारणों से विवाद हो गया।


इसकी सूचना शरीफ के घर पर रह रही उसकी साली रेशमा ने अपने मम्मी-पापा को दे दी। इसके बाद छितरी गांव के रहने वाले रानी की मम्मी सितारा खान और पापा शब्बीर खान अपनी बेटी के ससुराल गोंदरी पहुंचे। फिर उन्होंने अपनी बेटी रानी खान के साथ मिलकर शरीफ की जमकर पीटाई की। इसके बाद शब्बीर अपनी बेटी रानी और रेशमा को अपने साथ ले गया। इसके अलावा उसकी दुकान का ताला लगाकर चाबी भी अपने साथ ले गया। खुद के साथ हुई मारपीट की घटना ने शरीफ को इतना झकझोर कर रख दिया कि वह तीन दिन से अपने घर में ही बंद होकर रह गया। शनिवार की सुबह अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शरीफ पिछले तीन दिन से अपने घर में ही बंद था। चूंकि शनिवार को ईद थी तो उसका भाई फिरोज खान उसे बुलाने गया कि चलो नमाज तो पढ़ लो। इस पर उसने भाई से कहा कि तुम चलो मैं आता हूं। इसके बाद परिवार के सभी सदस्य नमाज पढ़ने के लिए चले गए। शरीफ नमाज पढ़ने नहीं पहुंचा। कुछ देर बाद परिवार के सदस्यों ने घर आकर देखा तो शरीफ फंदे पर लटका हुआ था। उसने एक सुसाइड नोट भी लिखा, जिसमें उसने अपनी मौत के लिए अपनी पत्नी सहित सास-ससुर को जिम्मेदार ठहराया। इतना ही नहीं फांसी लगाने से पहले एक वीडियो भी बनाया और उसने स्पष्ट रूप से बोला कि उसकी मौत के जिम्मेदार उसकी पत्नी और सास-ससुर हैं।

## भोपाल के दुष्कर्म-ब्लैकमेलिंग कांड में लापरवाही बरतने वाले अशोका गार्डन टीआई को हटाया

**भोपाल।** देशभर में चर्चित हुए राजधानी के चर्चित दुष्कर्म-ब्लैकमेलिंग कांड में लापरवाही बरतने पर अशोका गार्डन थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव को हटा दिया गया है। डीसीपी जोन-1 प्रियंका शुक्ला ने अपने स्थानांतरण से ठीक पहले शुक्रवार को थाना प्रभारी को लाइन अटैच करने के आदेश जारी किए। हेमंत श्रीवास्तव पर हिंदू छात्राओं को निशाना बनाकर दुष्कर्म कर ब्लैकमेल करने वाले आरोपितों से जुड़े अन्य लोगों पर कार्रवाई न करने के आरोप थे। पीड़िताओं ने अपने बयान में टीआईटी कॉलेज में हिंदू युवतियों से संबंध रखने वाले पांच से छह मुस्लिम छात्रों के गिरोह से जुड़े होने का संदेह जताया था, लेकिन जब टीम वहां पहुंची तो संदेही गायब हो गए। बाद में पुलिस ने भी उनकी जांच में दिलचस्पी नहीं दिखाई। केस दर्ज होने को डेढ़ महीने से अधिक का समय हो चुका है, लेकिन अब तक अबरार का सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस उसे पश्चिम बंगाल के कोलकाता और बिहार के अलग-अलग ठिकानों पर ढूंढ चुकी है। अंदेशा है कि वह पुलिस से छुपने बांग्लादेश भाग गया है। कॉलेज की पीड़िताओं ने कॉलेज में चल रहे लव जिहाद के पूरे रैकेट के बारे में बताया था, लेकिन पुलिस की टीम सिर्फ खानापूर्ति के लिए वहां पहुंची। जिन पांच-छह लोगों के नाम सामने आए थे, वे टीम के पहुंचने से पहले गायब हो गए। बाद में लापरवाहीपूर्वक उन पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। प्रदेशभर में लव-जिहाद के मामलों की जांच के लिए बनाई गई एसआईटी के अधिकारियों ने भी अशोकागार्डन पुलिस की सुस्त कार्रवाई को लेकर पुलिस आयुक्त से शिकायत की थी। साथ ही अशोकागार्डन थाने में दर्ज मामलों की जांच पर महिला आयोग की रिपोर्ट ने भी अंसतुष्टी जाहिर की थी।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर की जाएगी ब्रांडिंग

# 'चीतों के घर' कूनो में होगा वन रिट्रीट महोत्सव



**संवाददाता ● भोपाल**

मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित चीतों का घर पालपुर कूनो राष्ट्रीय उद्यान में कूनो फारेस्ट रिट्रीट फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन वन विभाग एवं पर्यटन विभाग मिलकर करवाया जाएगा। 17 सितंबर 2025 को चीता परियोजना को तीन साल पूरे हो जाएंगे, इसी उपलक्ष्य में आयोजन की तैयारी की जा रही है। बता दें कि यह आयोजन सितंबर में होगा। इसको लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष के एक प्रस्तुतीकरण दिया जा चुका है। इसे निवेश की दृष्टि से भी देखा जा रहा है, क्योंकि इस फारेस्ट फेस्टिवल में पर्यटन क्षेत्र में निवेश करने वाले देश विदेश के निवेशकों को भी आमंत्रित किया जाएगा। इसकी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ब्रांडिंग भी की जाएगी।

**पर्यटकों के लिए बन रहा जंगल लॉज** – इसके साथ ही, कूनो नेशनल पार्क में तीन करोड़ रुपये की लागत से ईको पर्यटन केंद्र बनाया जा रहा है। कूनो के ससइपुरा में बैंगलुरु की तर्ज पर जंगल लॉज बनाया जा रहा है। इसमें 8 कक्ष बनाए जा रहे है, हर कक्ष में आरामदायक सुविधा उपलब्ध होगी। पर्यटन की दृष्टि से इसे इस तरह से बनाया जा रहा है कि यहां ठहरने वाले पर्यटक को प्रकृति की करीब से अनुभूति हो सकें। चीतों के नए घर गांधी सागर में भी पर्यटकों के लिए ईको पर्यटन गंतव्य स्थल बनाया जाएगा। यह स्थल भी कूनो में बनाए जा रहे जंगल कॉटेज की तरह ही होगा।

**चीतों के लिए एक बेहतर ब्रीडिंग सेंटर** – बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जन्म दिवस पर 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से लाए गए 8 चीतों को कूनो में छोड़ा था। इसके बाद 18 फरवरी 2023 को दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते भारत लाए गए। भारत में अब तक 26 चीता शावकों का जन्म हो चुका है। 7 शावकों की मौत से अब 19 चीता शावक कूनो में है। वहीं 8 चीतों की मौत होने से 12 चीते है। लगातार चीतों की बढ़ती संख्या से तय हो गया है कि कूनो नेशनल पार्क चीतों का एक बेहतर ब्रीडिंग सेंटर का रूप ले चुका है। वर्तमान में छह चीता और 11 शावक खुले जंगल में घूम रहे हैं। बाकी को बाड़ों में रखा गया है। अब कूनो को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है।

# चंगेज खान के देश जाएगा बुद्ध शिष्यों का धातु कलश

**संवाददाता ● भोपाल**

### 73 साल में दूसरी बार होगा सांची से बाहर



विश्व धरोहर सांची स्थित चेतियागिरि विहार से गौतम बुद्ध के परम शिष्यों सारिपुत्र और महामोग्गलायन के पवित्र अस्थि कलश (धातु कलश) को अब 15 दिन के लिए मंगोलिया भेजा जाएगा। यह कदम भारत सरकार के सांस्कृतिक मिशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य बौद्ध धर्म से जुड़े देशों के साथ संबंधों को मजबूत करना है। यह 73 वर्षों में दूसरी बार होगा जब ये कलश सांची से बाहर ले जाए जाएंगे। ध्यान देने वाली बात यह है कि मंगोलिया, जो कभी चंगेज खान के साम्राज्य का केंद्र रहा था, आज तिब्बती बौद्ध परंपरा का पालन करता है। ऐसे में इन पवित्र अवशेषों का वहां पहुंचना बौद्ध श्रद्धालुओं के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा। मिशन की तैयारियां विदेश मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय के समन्वय में चल रही हैं। संस्कृति मंत्रालय ने मध्य प्रदेश सरकार से इस योजना को लागू करने में सहयोग मांगा है। रायसेन जिला प्रशासन को इस कार्य का जिम्मा सौंपा गया है। प्रशासन ने सांची स्थित महाबोधि सोसायटी से विधिवत अनुमति ली है।

महाबोधि सोसायटी ऑफ सांची के भिक्षु इंचार्ज स्वामी विमल तिस्स थेरो ने बताया कि उन्होंने धातु कलश को मंगोलिया भेजने की सहमति दे दी है। जिला प्रशासन के अनुसार, जैसे ही संस्कृति विभाग अंतिम यात्रा की व्यवस्था कर लेगा, कलश को पूरे धार्मिक विधि-विधान से विदा किया जाएगा। यात्रा के दौरान सांची से कुछ भिक्षु भी साथ जाएंगे, ताकि प्रतिदिन पूजन और परंपरा अनुसार सम्मान बना रहे।

इन पवित्र अवशेषों की खोज 1851 में जनरल कनिंघम ने सांची स्तूप नंबर 3 की खुदाई के दौरान की थी। आजादी से पहले ये अवशेष ब्रिटेन में रहे, लेकिन 30 नवंबर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की उपस्थिति में इन्हें चेतियागिरि विहार में स्थापित किया गया। पिछले साल थाइलैंड सरकार के आग्रह पर 28 दिन के लिए पवित्र अस्थि कलश को वहां भेजा गया था। थाइलैंड के बौद्ध प्रतिनिधिमंडल ने इन्हें दिल्ली में प्राप्त किया था। थाइलैंड में चार स्थानों पर भव्य कार्यक्रम हुए, जहां लाखों की संख्या में बौद्ध अनुयायियों ने इनके दर्शन किए थे।

# मप्र में बढ़ने लगी तपिश, ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में चल सकती है लू

**संवाददाता ● भोपाल**



दक्षिण-पश्चिम मानसून अभी भी मुंबई में ठहरा हुआ है। वैसे तो अलग-अलग स्थानों पर पांच मौसम प्रणालियां मौजूद हैं, लेकिन पर्याप्त नमी नहीं मिलने के कारण मध्य प्रदेश में अधिकतम तापमान बढ़ने लगा है। इसी क्रम में शनिवार को प्रदेश में सबसे अधिक 42.2 डिग्री सेल्सियस तापमान गुना एवं खजुराहो में दर्ज किया गया। सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक नर्मदापुरम में पांच एवं इंदौर में 0.5 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विज्ञानियों के अनुसार चार दिन में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। ग्वालियर, चंबल एवं सागर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं लू भी चल सकती है। मौसम विज्ञानी वीएस यादव ने बताया कि वर्तमान में मानसून की उत्तरी सीमा मुंबई, अहिल्यानगर, आदिलाबाद, भवानीपटना, पुरी, बालुरघाट से होकर ही गुजर रही है। एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है।

**पूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर बना चक्रवात** – उत्तर-पश्चिमी राजस्थान और उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है। उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उसके आसपास भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात मौजूद है। इसी तरह उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश पर भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात है। इसके अतिरिक्त पूर्व विदर्भ से उत्तरी कर्नाटक तक एक द्रोणिका बनी हुई है, लेकिन हवाओं के साथ पर्याप्त नमी नहीं आ रही है। इस वजह से तापमान बढ़ने लगा है। इस तरह की स्थिति चार दिन तक बनी रह सकती है। इस दौरान ग्वालियर, चंबल एवं सागर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं लू भी चल सकती है।w

### अपनी जगह साल्वर बैठाकर फर्जीवाड़ा करने वालों की कैंसल होगी उम्मीदवारी

# पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़ा, जल्द होगी कार्रवाई

**संवाददाता ● भोपाल**



**फर्जीवाड़ा**

पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में अपनी जगह साल्वर (मुन्नाभाई) बैठाने वाले अभ्यर्थियों की कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) में उम्मीदवारी जल्द ही निरस्त की जाएगी। ईएसबी और पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के बीच इस संबंध में बातचीत हुई है। मामले में अभी तक नौ जिलों में प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि उम्मीदवारी रद किए जाने के बाद इनकी जगह प्रतीक्षा सूची से उम्मीदवारों को लिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसा आपराधिक कृत्य, जिनमें योग्य अभ्यर्थियों के साथ अन्याय होता है, बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस मुख्यालय द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए सभी सफल अभ्यर्थियों के बायोमैट्रिक डाटा और आधार हिस्ट्री की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्ट्या फर्जीवाड़ा करने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर कठोर कार्रवाई की गई है। उधर, मामले को लेकर पत्रकारों से बातचीत में आइजी कानून व्यवस्था अंशुमान सिंह ने बताया कि साल्वरों से पूछताछ से नई जानकारियां सामने आने की आशा है। एक साल्वर बिहार व एक दिल्ली का भी है। दो आधार केंद्र संचालकों को भी गिरफ्तार किया गया है।

जो अभ्यर्थी ज्वाइन करने नहीं आ रहे हैं वे भी नहीं बच पाएंगे। उनसे भी पूछताछ की जाएगी। इस परीक्षा में 6423 अभ्यर्थी सफल हुए थे, इनमें लगभग 3500 ही अभी तक ज्वाइनिंग के लिए पहुंचे हैं। ज्वाइनिंग की तारीख आगे भी बढ़ाई जा सकती है। परीक्षा में 1333 महिलाओं का भी चयन हुआ था, पर फर्जीवाड़े कोई महिला अभ्यर्थी शामिल नहीं है।

जांच में जुटा यूआईडीएआई

इस बीच गुरुवार और शुक्रवार को इस मामले में पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें आधार अपडेशन की उन कमियों के बारे में बताया है जिसका लाभ उठाकर अभ्यर्थी और साल्वर फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। दरअसल, केंद्र व दूसरे राज्यों में कई परीक्षाएं आधार बायोमैट्रिक सत्यापन के आधार पर कराई जाती हैं। ऐसे में यूआईडीएआई इस फर्जीवाड़े के आधार पर कोई सुधार करेगा तो इससे अन्य परीक्षाओं में फर्जीवाड़ा की आशंका बहुत कम हो जाएगी। अभी तक यह माना जा रहा था कि आधार बायोमैट्रिक सत्यापन में सेंध नहीं लग सकती, पर जालसाजों ने इसका रास्ता भी निकाल लिया है।

**ऐसे की गड़बड़ी** – कुछ अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा के पूर्व अपने आधार कार्ड का बायोमैट्रिक संशोधन करा अपने नाम के साथ साल्वर का बायोमैट्रिक जुड़वाया। लिखित परीक्षा के ठीक बाद अभ्यर्थी ने फिर बायोमैट्रिक अपडेट कराया, जिससे वह खुद शारीरिक दक्षता परीक्षा में बैठ सके। ज्वाइनिंग के पहले अभ्यर्थियों की सहमति से बायोमैट्रिक अपडेशन की हिस्ट्री निकाली गई। बार-बार इसे अपडेट कराने वालों को संदेह के घेरे में लिया गया। इनके हस्ताक्षर नूमना, हस्तलिपि, फिंगर प्रिंट लिए गए। परीक्षा के दौरान इनके द्वारा फिंगर प्रिंट, हस्तलिपि के सैंपल के आधार पर जांच कराई गई। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की वास्तविक लोकेशन भी पता कराई गई। इसमें भिन्नता पाए जाने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

# अदिति राव हैदरी ने बताया अपना ब्यूटी सीक्रेट



अभिनेत्री अदिति राव हैदरी अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। उनकी फ्लोलेस स्किन का राज है खूब पानी पीना और हाइड्रेटेड रहना। साथ ही खुद को हेल्दी रखने के लिए वह कुछ और बातों का भी खास ख्याल रखती है। जा नी-मानी अभिनेत्री अदिति राव हैदरी अक्सर किसी न किसी वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपनी स्टाइलिंग और खूबसूरती के चलते सुर्खियां बटोरती हैं। कई लोग उनकी स्किन और नेचुरल ब्यूटी के कायल हैं। यही वजह है कि हर कोई उनकी जैसी फ्लोलेस स्किन पाना चाहता है, लेकिन कई महंगे प्रोडक्ट्स भी ऐसा करने में नाकाम साबित होते हैं।

ऐसे में खुद एक्ट्रेस अपनी इस खूबसूरती का राज फैंस के साथ शेयर कर चुकी हैं। उन्होंने कई इंटरव्यू में यह बताया है कि उनकी इसे फ्लोलेज और ग्लोइंग स्किन का राज क्या है। एक्ट्रेस ने बताया कि खूबसूरत दिखने के लिए वह ढेर सारा पानी पीती है, जिससे उनकी स्किन हाइड्रेट रहे। एक्ट्रेस ने बताया कि ग्लोइंग और सॉफ्ट स्किन पाने के लिए वह खुद को हाइड्रेट रखती हैं। साथ ही वह अपनी डाइट का भी खास ख्याल रखती हैं। अच्छी स्किन ( flawless skin tips) के लिए वह डाइट में ग्लूटेन और डेयरी प्रोडक्ट्स को डाइट में शामिल कर नहीं करती हैं। खासकर ग्लूटेन से वह जितना संभव हो दूरी बनाकर रखती हैं। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह खुश रहती हैं, जिससे उनकी स्किन पर इसका पॉजिटिव असर पड़ता है। इसके अलावा उनकी स्किनकेयर रूटीन में हाइलूरोनिक एसिड जरूर शामिल रहता है, जो स्किन से जुड़ी कई समस्याओं से राहत दिलाता है। आइए जानते हैं स्किन के लिए कैसे फायदेमंद है हाइलूरोनिक एसिड- हाइड्रेटेड रखने में मददगार- यह एसिड स्किन को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है। इसका मतलब है कि हाइलूरोनिक एसिड स्किन में बनाए रखने में बहुत अच्छा है। यही कारण है कि इसका इस्तेमाल मॉइस्चराइजिंग क्रीम, लोशन, टोनर और सीरम में भी किया जाता है। यह त्वचा को लचीला बनाता है- हाइलूरोनिक एसिड त्वचा को खिंचाव और लचीलापन देता है और इसके इस्तेमाल से स्किन में होने वाली झुर्रियों और फाइन लाइंस को कम करने में मदद मिलती है। साथ ही हाइलूरोनिक एसिड घावों को तेजी से भरने में भी मदद करता है और निशान को कम कर सकता है। इसके अलावा यह एक्जिमा से राहत दिलाता है और चेहरे की रेडनेस भी दूर कर सकती है।

# स्पिरिट के बाद दीपिका के हाथ से निकली सुपरहिट कल्कि 289 एडी

## इस डिमांड की वजह से फिसली दूसरी फिल्म!



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। पहले खबर आई कि उन्होंने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट छोड़ दी है और अब कई रिपोर्ट्स दावा किया जा रहा है कि उन्होंने अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म कल्कि 289 एडी के दूसरे पार्ट से भी किनारा कर लिया है। दीपिका ने कल्कि 289 एडी Part 2 के मेकर्स से सिर्फ 8 घंटे की वर्क शिफ्ट में काम करने की डिमांड की थी। दरअसल, दीपिका सितंबर 2024 में मां बनी हैं और अब वह अपनी बेटी 'दुआ' के साथ ज्यादा वक्त बिताना चाहती हैं। लेकिन फिल्म का स्केल बहुत बड़ा है और इसकी शूटिंग में लंबा वक्त और बड़ी टीम लग सकती है। ऐसे में मेकर्स के लिए दीपिका की शर्तों को मानना मुश्किल हो गया। इसी वजह से अब फिल्म में या तो दीपिका का रोल छोटा किया जाएगा या उन्हें फिल्म से हटाया भी जा सकता है। फिल्म के पहले पार्ट में दीपिका एक प्रेग्नेंट औरत के रोल में नजर आई थीं, जो भगवान विष्णु के कल्कि अवतार को जन्म देने वाली है। दूसरा पार्ट इसी कहानी को आगे ले जाएगा, जिसमें उस बच्चे का जन्म होगा जो दुनिया को इस बुराई से बचाएगा। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, प्रभास और कमल हासन जैसे बड़े सितारे भी शामिल हैं। कुछ दिन पहले दीपिका को लेकर यह भी खबर आई थी कि उन्होंने संदीप रेड्डी वांगा की अपकमिंग फिल्म Spirit से भी खुद को अलग कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका ने फिल्म के लिए ना सिर्फ 8 घंटे की शिफ्ट की मांग की थी, बल्कि ज्यादा फीस और प्रॉफिट शेयर भी मांगा था। हालांकि, इस पर कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया, लेकिन वांगा ने अचानक तृप्ति डिमरी को फिल्म की नई लीड एक्ट्रेस घोषित कर दिया। संदीप रेड्डी वांगा ने एक्स (X) पर एक पोस्ट शेयर किया जिसमें उन्होंने बिना नाम लिए एक एक्ट्रेस पर आरोप लगाया कि उसने फिल्म की स्क्रिप्ट लीक कर दी। उन्होंने लिखा- 'जब मैं किसी एक्टर को स्क्रिप्ट सुनाता हूं, तो पूरा भरोसा करता हूं। लेकिन जब कोई उसे लीक कर दे, तो ये उस इंसान का असली चेहरा दिखाता है। क्या यही feminism है? मेरे लिए फिल्ममेकिंग सब कुछ है, लेकिन आप इसे कभी नहीं समझ पाएंगी।' अब तक दीपिका या फिल्म के मेकर्स की ओर से इन रिपोर्ट्स पर कोई ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है। लेकिन लगातार दो बड़ी फिल्मों से बाहर होना उनके करियर के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

# विरोध की चपेट में डूब गई कमल हासन की फिल्म? 3 दिनों में कमा पाए महज इतने करोड़



कमल हासन और मणिरत्नम की हालिया कोलैबोरेशन ठग लाइफ बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही है। ट्रेड ट्रैकर सैकनिक के अनुसार पहले दिन से दूसरे दिन तक कलेक्शन में 53.87% की गिरावट के बाद, गैंगस्टर ड्रामा ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन 7.14 करोड़ रुपये कमाए। शनिवार को ठग लाइफ ने तमिल वर्जन से 6.38 करोड़ रुपये कमाए, जबकि हिंदी और तेलुगु वर्जन ने 0.24 करोड़ रुपये और 0.52 करोड़ रुपये कमाए। तीसरे दिन के अंत तक फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन लगभग 29.79 करोड़ रुपये था। विरोध की आंधी में लिपटी में ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपना खास असर छोड़ने में नाकाम रही है। मणिरत्नम की इस फिल्म के तमिल वर्जन की शनिवार को कुल ऑक्यूपेंसी 39.12% रही। शाम और रात के शो में फिल्म को दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली। ठग लाइफ के निर्माताओं ने पहले ही तय कर लिया था कि फिल्म कर्नाटक में रिलीज नहीं होगी। कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) ने कहा था कि जब तक कमल हासन चेन्नई में एक प्रचार कार्यक्रम में अपने 'कन्नड़ तमिल से पैदा हुआ है' बयान के लिए माफी नहीं मांग लेते, तब तक वे ठग लाइफ को रिलीज नहीं होने देंगे। अभिनेता के बैनर राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल ने फिल्म की रिलीज के लिए सुरक्षा की मांग करते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। टिप्पणी पर अदालत की फटकार के बाद निर्माताओं ने कर्नाटक में फिल्म की स्क्रीनिंग नहीं करने का फैसला किया। गैंगस्टर ड्रामा मणिरत्नम द्वारा निर्देशित और राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल और मद्रास टॉकीज द्वारा निर्मित है। ठग लाइफ में तृषा कृष्णन, टी.आर. भी हैं। सिलंबरासन, अभिरामी, ऐश्वर्या लक्ष्मी, अशोक सेलवन, जोजू जॉर्ज, नासर, अली फज़ल और महेश मांजरेकर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। बता दें कि कमल हासन की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फिसड्डी निकली और डायरेक्टर मणि रत्नम भी अपने नेम ब्रांड के मुताबिक दर्शकों को प्रभावित नहीं कर पाए। 180 करोड़ रुपयों के बड़े बजट से बनी ये फिल्म न केवल कमाई के मामले में पीछे रही बल्कि इसका रिव्यू भी कुछ खास नहीं रहा। वहीं बॉलीवुड की बड़ी फिल्म हाउसफुल-5 के रिलीज के बाद नॉर्थ में ठग लाइफ के कलेक्शन पर भी फर्क पड़ा है।

# कंगना की इस सीनियर एक्ट्रेस ने खोली पोल



बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस कुनीका सदानंद ने हाल ही में कंगना रनौत को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। कुनीका का कहना है कि कंगना हमेशा निगेटिव बातें करती हैं और बॉलीवुड इंडस्ट्री से जो मिला, उसका सम्मान नहीं करतीं। पॉडकास्ट में बात करते हुए कुनीका ने कंगना पर निशाना साधते हुए कहा- 'कंगना के मुंह से कभी मीठी बात नहीं निकलती। हर बार बस बकवास ही सुनने को मिलती है। जिस थाली में खाती हैं, उसी में छेद करती हैं। इंडस्ट्री ने उन्हें उठाया, उन्हें स्टार बनाया, फिर भी वो हर किसी की बुराई करती हैं।' कुनीका ने यह भी कहा कि कंगना खुद को बाहरी बताती हैं, लेकिन शाहरुख खान, इरफान खान और नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी तो आउटसाइडर थे। उन्होंने तो कभी ऐसा रवैया नहीं अपनाया। हर काम खुद करना चाहती हैं कंगना- डायरेक्शन से लेकर प्रोडक्शन तक। कुनीका का कहना है कि कंगना हर काम खुद करना चाहती हैं - एक्टिंग, डायरेक्शन, प्रोडक्शन सबकुछ। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा- 'मणिकर्णिका फिल्म के लिए कंगना ने डायरेक्टर हायर किया, लेकिन बाद में उसे हटा दिया क्योंकि उन्हें इनसिक्योरिटी हो गई।' उन्होंने आगे ये भी कहा कि कंगना की ज्यादातर फिल्में फ्लॉप हो जाती हैं और उन्हें नहीं पता कि इतना फंड उनके पास कहां से आ रहा है। हालांकि, कुनीका ने यह भी माना कि कंगना एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। कंगना रनौत की हालिया फिल्म इमरजेंसी, जो उन्होंने खुद डायरेक्ट और प्रोड्यूस भी की थी, बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा सकी। यह फिल्म भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जिंदगी पर आधारित थी। फिल्म में अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन और सतीश कौशिक भी नजर आए। यह फिल्म 17 जनवरी 2025 को रिलीज हुई थी, जिसे पहले सितंबर 2024 में रिलीज किया जाना था लेकिन सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेशन में देरी के कारण टालना पड़ा। अब तक कंगना रनौत ने कुनीका सदानंद के इस बयान पर कोई जवाब नहीं दिया है। लेकिन सोशल मीडिया पर इस बयान की काफी चर्चा हो रही है।

# बेंगलुरु में मची भगदड़ से टूटा सोनू सूद का दिल



बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद न सिर्फ एक्टिंग के लिए ही जाने-जाते हैं, बल्कि वो देश-दुनिया की खबरों पर भी पूरी नजर रखते हैं। हाल ही में एक्टर ने बेंगलुरु में मची भगदड़ पर रिएक्ट किया और इस घटना में जान गंवाने वालों को सांत्वना भी दी। एक्टर का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। सोनू सूद ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा- "बेंगलुरु में आईपीएल समारोह के दौरान हुई त्रासदी से दिल टूट गया। कोई भी उत्सव या जश्न जीवन से बड़ा नहीं होता। पीड़ित परिवारों और सभी प्रभावित लोगों के लिए प्रार्थना करता हूं।" सोनू सूद से पहले क्रिकेटर विराट कोहली की पत्नी व एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने भी इस हादसे पर दुख जताया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर आईपीएल टीम आरसीबी का आधिकारिक बयान शेयर कर इस हादसे पर दुख जाहिर किया। दरअसल, RCB की जीत के बाद लोग चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर इसका जश्न मना रहे थे कि अचानक वहां भगदड़ मच गई और यह जश्न गम में तबदील हो गया। इस हादसे में 11 लोगों की जान चली गई और 33 लोग घायल हो गए। वहीं, इस घटना से सहमे अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने सोशल मीडिया के जरिए अपना दुख जाहिर किया।

# 'रामायण' शूट के बीच रणबीर कपूर का नया लुक देख शॉक्ड हुए फैंस



बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर हमेशा ही सुर्खियों में बने रहते हैं। रणबीर इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। उनके पास इस वक्त कई बड़ी फिल्में हैं, जिनकी शूटिंग में एक्टर बिजी हैं। इसी बीच अब रणबीर का नया लुक देखकर हर कोई शॉक्ड है। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक्टर का लुक फैंस के बीच चर्चा में बना है। रणबीर कपूर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रणबीर पैपराजी से मिलते हुए नजर आ रहे हैं। यही नहीं, एक्टर उनके साथ फोटो क्लिक कराते दिखे। इस मौके पर रणबीर कपूर का नया लुक नजर आया। वीडियो में आप देख सकते हैं कि रणबीर पूरी तरह से क्लीन शेव में दिख रहे हैं। यही नहीं, उन्होंने अपने बाल भी काफी छोटे करा लिए हैं। एक्टर के इस लुक को देख फैंस के अलग-अलग रिएक्शन आ रहे हैं। कई यूजर्स ने इसे उनकी नई मूवी का लुक बताया है। रणबीर कपूर का ये लुक इस वक्त सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। उनके इस क्लीव सेव लुक को जहां कई यूजर्स पसंद कर रहे हैं तो कई उनके बियर्ड लुक को मिस कर रहे हैं। इस वीडियो पर कमेंट कर एक यूजर ने लिखा, 'कॉलेज स्टूडेंट लग रहे हैं।' एक दूसरा लिखता है, 'वे कैसे मैनेज करते हैं... पल्पी से लेकर जॉ लाइन तक... एनिमल से लेकर बर्फी तक।' एक ने लिखा, 'ये एनिमल से बच्चा बन गया है।' रणबीर कपूर, संजय लीला भंसाली के साथ एक फिल्म कर रहे हैं। इस फिल्म का नाम 'लव एंड वॉर' है। इसमें उनके साथ आलिया भट्ट और विक्की कौशल भी हैं। संजय लीला भंसाली के साथ काम करके तीनों काफी खुश हैं।

# चुड़ैल लगती है, मर क्यों नहीं जाती'

## जेमी को उनके रंग की वजह से लोग करते हैं उन्हें ट्रोल

बॉलीवुड एक्टर और कॉमेडियन जॉनी लीवर की बेटी जेमी लीवर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि उनको उनकी स्किन कलर की वजह से काफी ट्रोल किया जाता है। उन्होंने बताया कि कैसे लोग उन्हें चुड़ैल कहकर बुलाते हैं। उन्होंने बताया कि लोगों ने उन्हें गोरा होने की सलाह भी दी है। बातचीत में जेमी लीवर ने कहा, 'मुझे बहुत सारे कमेंट्स आते हैं। काली है, चुड़ैल लगती है, चुड़ैल जैसे हंसती है, आप भद्दी दिखती हैं, आप इंडस्ट्री में काम नहीं करती हैं, तू मर क्यों नहीं जाती, आप जैसी दिखती हैं उस वजह से आपको काम नहीं मिलता है...मुझे सारे जीवन ऐसे मैसेज मिले हैं।' जेमी ने आगे कहा, 'रंगभेद यहां एक बहुत बड़ा मुद्दा है। जब मैं बड़ी हो रही थी तो लोग मुझे उबटन, हल्दी मास्क, लगाने की सलाह दी गई ताकि मैं गोरी दिखूं...रंगभेद हमारे देश में बड़ी समस्या है।' इस पॉडकास्ट में जेमी ने बताया कि वो जब बड़ी हो रही थीं तो अपनी बॉडी को लेकर बहुत शर्मिंदा और असुरक्षित महसूस करती थीं। जेमी लीवर के काम की बात करें उन्होंने साल 2015 में किस किस को प्यार करूं से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वो हाउसफुल 4 और भूत पुलिस जैसी फिल्मों में नजर आईं।

# इंग्लैंड पहुंचते ही तैयारियों में जुटी भारतीय टीम, फील्डिंग अभ्यास किया; फुटबॉल का भी लुत्फ उठाया

**एजेंसी ● बेकेनहैम**

भारतीय टीम ने इंग्लैंड पहुंचने के साथ ही टेस्ट सीरीज की तैयारियां शुरू कर दी हैं। कप्तान शुभमन गिल और मुख्य कोच गौतम गंभीर की अगुआई में भारतीय टीम शनिवार को इंग्लैंड पहुंची थी। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज होनी है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के लाल गेंद के प्रारूप से संन्यास लेने के बाद टीम इंडिया की यह पहली द्विपक्षीय सीरीज है। इस सीरीज के साथ ही भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरूआत करेगी। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ शुभमन गिल की कप्तानी में खेलने उतरेगी। गिल को रोहित शर्मा की जगह टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया है। ऋषभ पंत इस सीरीज में उपकप्तान की भूमिका में होंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा।

इस सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरूआत भी हो जाएगी।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें भारतीय टीम कोच गंभीर के देखरेख में अभ्यास करती नजर आ रही है। इस दौरान गिल भी अभ्यास करते हुए दिख रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि भारतीय खिलाड़ियों ने वॉर्म-अप किया और फिर फील्डिंग अभ्यास भी करते दिखे। इस दौरान टीम के खिलाड़ियों ने फुटबॉल खेलने का भी आनंद लिया। गंभीर पूरे सत्र के दौरान खिलाड़ियों पर नजर रखे रहे और उन्होंने कुछ खिलाड़ियों से बात भी की। राहत की बात यह है कि अभ्यास में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी हिस्सा लिया। बुमराह का कार्यभार प्रबंध चिंता का विषय रहता है। भारत को



टेस्ट सीरीज से पहले 13 से 16 जून तक बेकेनहैम के केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड में इंट्रा स्क्वाड मैच

खेलना है। गिल नई जिम्मेदारी के लिए तैयार हैं, लेकिन उनके सामने चुनौती बड़ी है। गिल और मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टेस्ट टीम बदलाव के दौर से गुजरी है और अब उसे नतीजे देने होंगे। दरअसल, भारत ने 2007 के बाद से इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है, ऐसे में सभी के मन में यही सवाल उठ रहा है कि क्या गिल-गंभीर की ये जोड़ी 18 साल का सूखा समाप्त कर पाएगी? भारत ने आखिरी बार 2007 में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में टेस्ट सीरीज जीती थी। उस वक्त तीन मैचों की सीरीज में भारत 1-0 से जीत दर्ज करने में सफल रहा था। 2007 के बाद से भारतीय टीम चार बार इंग्लैंड दौरे पर गई, लेकिन जीत का स्वाद नहीं चख सकी।

**टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है...**

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

# शुभमन गिल के समर्थन में आए रिकी पोंटिंग, टेस्ट कप्तानी सौंपे जाने के फैसले को सराहा

**एजेंसी ● नई दिल्ली**



भारतीय टीम के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की अगुआई में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए तैयार है। पिछले कुछ महीनों में भारत का लाल गेंद के प्रारूप में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसने न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में और फिर ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज गंवानी पड़ी थी। भारत-इंग्लैंड सीरीज के साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरूआत हो जाएगी।

रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट के संन्यास के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुभमन गिल को भारतीय टीम का नया टेस्ट कप्तान नियुक्त किया है। वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में टीम का नेतृत्व करते नजर आएंगे। चयन समिति के इस फैसले को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि गिल को टेस्ट कप्तान बनाना सही फैसला हैभारतीय टीम के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की अगुआई में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए तैयार है।

पिछले कुछ महीनों में भारत का लाल गेंद के प्रारूप में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसने न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में और फिर ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज गंवानी पड़ी थी। भारत-इंग्लैंड सीरीज के साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरूआत हो जाएगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास के बाद भारतीय टीम की यह पहली द्विपक्षीय सीरीज भी है।

पोंटिंग का मानना है कि भारत ने टेस्ट टीम की कमान शुभमन गिल को सौंपकर सही फैसला किया है और अब इस युवा बल्लेबाज को खुद को साबित करने के लिए लंबे समय तक मौका दिया जाना चाहिए। पोंटिंग को उम्मीद है कि भारतीय टीम मौजूदा बदलाव के दौर को अन्य देशों की तुलना में बेहतर तरीके से निपट सकती है। पोंटिंग ने 'आईसीसी रिव्यू' पर कहा, 'मुझे लगता है कि यह सही कदम है। मुझे पता है कि बहुत से लोग और विशेषज्ञ कह रहे हैं कि बुमराह को कप्तान क्यों नहीं बनाया गया और उन्होंने शुभमन को क्यों चुना, लेकिन मुझे लगता है कि इसे समझना बहुत ही सरल है।

बुमराह पिछले कुछ वर्षों से चोटिल होते रहे हैं और इसी वजह से वह इस दौड़ में थोड़े पीछे चले गये। आप कप्तान के साथ ऐसा (बार-बार चोटिल होना) नहीं चाहते हैं। ऐसे में मुझे लगता है कि यह सही फैसला है।इस दौरान पोंटिंग ने कहा कि अनुभवी खिलाड़ियों की जगह लेना मुश्किल होता है लेकिन भारत टेस्ट खेलने वाली किसी अन्य टीम की तुलना में बदलाव के इस दौर से बेहतर तरीके से निपट सकता है। उन्होंने कहा, भारतीय क्रिकेट ने जब यह तय कर लिया है, तो उन्हें इस पर टिके रहना होगा और गिल को लंबे समय तक टीम को नेतृत्व करने का मौका देना होगा।

ऐसे खिलाड़ियों की जगह लेना हमेशा बहुत मुश्किल होता है क्योंकि वे लंबे समय से टेस्ट क्रिकेट खेल रहे थे। इस तरह की परिस्थिति से अगर कोई देश अच्छे से निपट सकता है तो वह भारत ही है। उनके पास युवा प्रतिभाओं की भरमार है।पोंटिंग का मानना है कि जसप्रीत बुमराह और केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी में अनुभव की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने आगे कहा- मैंने पिछले 10 वर्षों में आईपीएल में इसे खुद देखा है। हमने (यशस्वी) जायसवाल और इस तरह के खिलाड़ियों को उभरते हुए देखा है जिन्होंने भारतीय टीम में आकर बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है। भले ही शुभमन गिल जैसे युवा कप्तान हों लेकिन केएल राहुल और बुमराह जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी से उनके पास कुछ अनुभव होगा।

# 4 ओवर में 4 विकेट... भारतीय टेस्ट टीम में नहीं मिली जगह




**एजेंसी ● नॉर्थम्प्टन**

नॉर्थम्प्टनः भारतीय टीम को इंग्लैंड दौरे पर 20 जून से 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इस सीरीज से पहले इंडिया ए की टीम इंग्लैंड दौरे पर है। वहां इंग्लैंड लायंस के खिलाफ टीम अपना दूसरा अनाधिकारिक टेस्ट मैच खेल रही है। मैच के तीसरे दिन इंडिया ए के लिए खलील अहमद ने कमाल की बॉलिंग की। दूसरे दिन का खेल खत्म होने के समय इंग्लैंड लायंस का स्कोर 3 विकेट पर 192 रन था।

## चार ओवर में खलील ने चार विकेट लिए

खलील अहमद ने चार ओवर में चार विकेट लेकर इंग्लैंड लायंस की कमर तोड़ दी। 51वें ओवर में उन्होंने फिफ्टी की तरफ बढ़ रहे जॉर्डन कॉक्स को आउट किया। उन्होंने 45 रनों की पारी खेली। उनका कैच ध्रुव जुरेल ने लपका। इसके बाद उन्होंने 55वें ओवर में लगातार दो गेंद पर दो विकेट लिए। पहले जेम्स रेउ 10 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अगली ही गेंद पर जॉर्ज हिल भी आउट हो गए। खलील ने उन्हें बोल्ड किया। इससे इंग्लैंड लायंस का स्कोर 223 रन पर 6 विकेट हो गया।अपने अगले ओवर में खलील अहमद ने क्रिस वोक्स का भी शिकार कर लिया। इंग्लैंड के प्रमुख ऑलराउंडर में शामिल वोक्स ने 5 रन बनाए। ध्रुव जुरेल ने उनका कैच लिया। इसने इंग्लैंड लायंस की हालत खराब कर दी। टीम का स्कोर 7 विकेट पर 229 रन हो गया। इंडिया ए ने इस मुकाबले में पहले बैटिंग की थी। टीम ने केएल राहुल के शतक की मदद से 348 रन ठोके थे।खलील अहमद भले ही इंडिया ए के लिए कमाल कर रहे लेकिन वह टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं। इंडिया की टेस्ट टीम में सिर्फ एक ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को जगह मिली है। खलील ने अभी तक भारत के लिए 11 वनडे और 18 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। उनके नाम कुल 31 विकेट हैं।

# बस 13 विकेट और... छोटे से करियर में नंबर 1 हो जाएंगे जसप्रीत बुमराह



**नई दिल्ली:** जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करेंगे। यह सीरीज 20 जून को लीड्स में शुरू होने वाली है। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत की यह पहली पांच मैचों की सीरीज होगी। दुनिया के नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज बुमराह के पास इतिहास रचने का मौका है। इंग्लैंड के खिलाफ बुमराह के प्रदर्शन पर हर किसी की नजरें रहने वाली हैं। बुमराह ने 2024 में आईसीसी क्रिकेटर और आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जी। अगर बुमराह ने इंग्लैंड में अगले पांच मैचों में कम से कम 13 विकेट लेने में सफल होते हैं, तो वह इंग्लैंड में 50 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन जाएंगे। फिलहाल, इंग्लैंड में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए टेस्ट मैचों में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड ईशांत शर्मा के नाम है। बुमराह के पास ईशांत शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ने का सुनहरा अवसर है।ईशांत शर्मा अभी भी क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड में इंग्लैंड के खिलाफ 14 टेस्ट मैच खेले हैं और 48 विकेट लिए हैं। दूसरी ओर, बुमराह ने आठ मैचों में 37 बल्लेबाजों को आउट किया है। इंग्लैंड में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में ईशांत के बाद कपिल देव हैं। कपिल देव ने 13 मैचों में 43 विकेट लिए थे।भारत और इंग्लैंड के बीच इंग्लैंड में टेस्ट मैचों में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड जेम्स एंडरसन के नाम है। इस महान तेज गेंदबाज ने अपने 21 साल के टेस्ट करियर में अंग्रेजी धरती पर खेले गए 22 टेस्ट मैचों में भारत के खिलाफ 105 विकेट लिए।बुमराह को भारत का अब तक का सबसे महान गेंदबाज माना जाता है।




इंग्लैंड की नैट साइवर-ब्रंट इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच टांटन, इंग्लैंड में तीसरे महिला एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत के बाद टीम के साथियों के साथ श्रृंखला ट्रॉफी उठाती हुई।

# मुझे तो थप्पड़ मारना चाहिए था... श्रेयस अय्यर के साथ बवाल पर शशांक सिंह ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली:** आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह को मुंबई इंडियंस के खिलाफ क्वालिफायर 2 के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने खूब डांटा था। मैच के एक अहम मोड़ पर शशांक रन आउट हो गए थे, जिससे श्रेयस काफी नाराज थे। हालांकि श्रेयस ने टीम को जीत दिला दी, लेकिन शशांक की लापरवाही उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं आई। मैच के बाद श्रेयस ने शशांक को खूब खरी-खोटी सुनाई और उन्हें अपना मुंह न दिखाने तक को कह दिया। पंजाब किंग्स के कप्तान ने कुछ अपशब्दों का भी इस्तेमाल किया। अपनी गलती मानकर शशांक ने बताया कि फाइनल में आरसीबी से हारने तक उनके पिता ने भी उनसे बात नहीं की। उन्होंने श्रेयस अय्यर की कप्तानी की भी जमकर तारीफ की।

# अंग्रेजों से भिड़ने को टीम इंडिया ने कसी कमर... गिल ने बहाया पसीना, बुमराह की तगड़ी बॉलिंग

**एजेंसी ● लीड्स**



लीड्सः भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरूआत 20 जून से हो रही है। इस सीरीज में टीम इंडिया एकदम बदली हुई नजर आएगी। सबसे बड़ी बात है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली रिटायर हो चुके हैं और शुभमन गिल को इस सीरीज में टीम इंडिया का कप्तान बनाया गया है। इस सीरीज के लिए टीम इंडिया इंग्लैंड पहुंच चुकी है। वहीं टीम इंडिया ने लीड्स में खेले जाने वाली टेस्ट सीरीज से पहले तैयारियां शुरू कर दी हैं।

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले लॉर्ड्स में अभ्यास करके दौरे की शुरूआत की। जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया।रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुआई कर रहे हैं जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतना है। सीरीज हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे।भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं।

## इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीमः

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव

# रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी, परिवार में खुशी की लहर; चाचा ने कही यह बात

**एजेंसी ● नई दिल्ली**



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी हो गई है। रिंकू ने कम समय में काफी नाम कमाया और अब वह नए रिश्ते में बंध गए हैं। रिंकू और प्रिया की रिंग सेरेमनी लखनऊ के एक पांच सितारा होटल में हुई जिसमें राजीनित जगह और क्रिकेट की चर्चित हस्तियां शामिल हैं। प्रिया उत्तर प्रदेश के मछलीशहर से लोकसभा की सदस्य हैं। इन दोनों की शादी 18 नवंबर 2025 को वाराणसी में होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। सोशल मीडिया पर रिंकू और प्रिया की रिंग सेरेमनी की तस्वीरें वायरल हो रही है। रिंकू ने इस दौरान आईवरी रंग का जोधपुरी कुर्ता पायजामा पहना, जबकि प्रिया ने व्हाइट और पिंक रंग का फ्लोरल लहंगा पहना। इस कार्यक्रम के वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे हैं। रिंकू आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए खेलते हैं। रिंकू को भारतीय टी20 टीम में खेलने का मौका मिला और वहां भी उन्होंने अपनी प्रतिभा दिखाई।बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, 'इनकी जोड़ी शानदार है। उन दोनों को बहुत बधाई। दोनों अपने-अपने क्षेत्र में अत्यधिक सफल हैं।' वहीं, प्रिया के चाचा भगवती सरोज ने कहा, आज हमारे लिए बेहद खुशी और गर्व का क्षण है। दोनों परिवारों की सहमति के साथ ये कार्यक्रम हो रहा है। यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि मेरे समुदाय में पहली बार कोई अंतरराष्ट्रीय शादी हो रही है।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, सोमवार, 09 जून, 2025
www.adityabharat.com






अज़नलकाज़र, स्पेन। विरजेन डेल रोसीओ के सैकड़ों हज़ारों भक्तों द्वारा की जाने वाली वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान, अंडलुसिया के एल रोसीओ के मंदिर की ओर जाते हुए, अज़नलकाज़र के पास क्यूमा नदी में प्रार्थना करते तीर्थयात्री।

## शॉर्ट न्यूज

### गाजा में बेतहाशा महंगाई से भूखे मरने की नौबत

**यरुशलम।** गाजा में इस बार ईद-उल-अजहा की नमाज मस्जिदों में नहीं, बल्कि घरों, स्कूलों और धार्मिक स्थलों के मलबे में अदा की गई। लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था नहीं है। ईद के मौके पर आमतौर पर होने वाली परंपराएं जैसे बलि का मांस, सामुदायिक भोज और बच्चों के लिए उपहार यहां पूरी तरह बदल चुके हैं। गाजा में भोजन की भारी कमी है। एक वायरल पोस्ट में दावा किया गया कि गाजा में पारले-जी बिस्किट 24 यूरो (लगभग 2,400 रुपये) में बिक रहे हैं।

### पूर्व अग्निवीरों को यूपी पुलिस में आरक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस में भर्ती के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। अब पूर्व अग्निवीरों को यूपी पुलिस में 20 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। यह आदेश शुक्रवार को राज्य सरकार ने जारी किया। उन्हें अधिकतम उम्र सीमा में 3 साल की छूट भी दी जाएगी। ये लाभ उन्हीं पूर्व अग्निवीरों को मिलेगा, जिन्होंने अग्निपथ योजना के तहत 4 साल की सेवा पूरी की हो। - आरक्षण का लाभ हर वर्ग के पूर्व अग्निवीरों को मिलेगा। अगर कोई अग्निवीर एससी (अनुसूचित जाति) से है।

### तेजस्वी के काफिले की गाड़ी से टकराया ट्रक

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सड़क हादसे का शिकार बनने से बाल-बाल बच गए। एक बेलगाम ट्रक ने तेजस्वी यादव के काफिले की गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में कई सुरक्षाकर्मी जख्मी हुए जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। तेजस्वी यादव ने बताया कि हादसा उनसे महज पांच फीट की दूरी पर हुआ। अगर बैलेंस बिगड़ता तो वो भी इस हादसे का शिकार बन सकते थे। इस सड़क हादसे का जिक्र करते हुए लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने तेजस्वी की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

### सोनिया की सेहत बिगड़ी चेकअप के बाद छुट्टी

**शिमला।** छुट्टियां मनाने के लिए शिमला पहुंचीं कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की शनिवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद उन्हें आईजीएमसी शिमला में भर्ती किया गया। डॉक्टरों ने उनकी जांच की। उनको रेडियोलॉजि विभाग ले जाया गया। जहां पर उनका एमआरआई किया गया। अब खबर है किचेकअप और टेस्ट करवाने के बाद आईजीएमसी से सोनिया गांधी को छुट्टी मिल गई। उनकी हालत स्थिर है। सोनिया गांधी अपनी बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा के छराबड़ा स्थित घर में ठहरी हुई हैं।

### बड़ा हादसा टला: हेलिकॉप्टर की हाइवे पर इमरजेंसी लैंडिंग

# केदारनाथ जा रहे 6 लोगों की बची जान

**देहरादून ● एजेंसी**

चारधाम यात्रा के बीच शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया। केदारनाथ जा रहे एक हेलीकॉप्टर को शनिवार को उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आने के बाद रुद्रप्रयाग जिले में एक नेशनल हाईवे पर आपात स्थिति में उतारा गया। हेलीकॉप्टर में पायलट समेत छह लोग सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। लैंडिंग के दौरान हेलीकॉप्टर से एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में हेलिकॉप्टर के पिछले हिस्से को भी नुकसान पहुंचा है।

**हादसा**

उत्तराखंड के केदारनाथ जा रहे एक हेलीकॉप्टर को शनिवार को उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आने के बाद रुद्रप्रयाग जिले में एक नेशनल हाईवे पर आपात स्थिति में उतारा गया। टेकऑफ के तुरंत बाद पायलट कैप्टन आरपीएस सोढ़ी को हेलिकॉप्टर के कलेक्टिव कंट्रोल में तकनीकी गड़बड़ी महसूस हुई। हालात की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने सूझबूझ से हाइवे पर आपात लैंडिंग की। हेलीकॉप्टर में सवार सभी तीर्थ यात्री और पायलट सुरक्षित हैं। मिली जानकारी के मुताबिक हेलीकॉप्टर ने बड़ासू हेलीपैड से केदारनाथ के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आने के कारण इसे आपात स्थिति में सिरसी के पास राजमार्ग पर उतारना पड़ा। सोशल मीडिया पर हेलीकॉप्टर को सड़क पर उतारने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

### पायलट समेत छह लोग थे सवार

वीडियो में देखा जा सकता है कि केस्ट्रेल एविएशन का हेलीकॉप्टर राजमार्ग के बीच में खड़ा है और यह रिहायशी इमारतों के बहुत करीब था। उसके पिछले हिस्से से एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। हेलीकॉप्टर भी लैंड करने के बाद काफी जर्क ले रहा था। हेलीकॉप्टर में पायलट समेत छह लोग सवार थे और वे बाल-बाल बच गए। हालांकि लैंडिंग के दौरान पायलट मामूली रूप से घायल हो गया, उन्हें अस्पताल भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब लोगों ने हेलीकॉप्टर को हवा में असंतुलित होकर सड़क पर आपात स्थिति में उतरते हुए देखा, तो वे डर गए। केदारनाथ हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि इस घटना से केदारनाथ मंदिर के लिए हेली शटल सेवा प्रभावित नहीं हुई है।

### सभी यात्री सुरक्षित

घटना के बाद उत्तराखंड सिविल एविएशन डेवलपमेंट अथॉरिटी (UCADA) और नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) ने जांच शुरू कर दी है। डीजीसीए ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं और उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। पायलट को पीठ दर्द की शिकायत के कारण जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया है। शनिवार को हेलीकॉप्टर को ऐसे समय में आपात स्थिति में उतारा गया, जब लगभग एक महीने पहले आठ मई को गंगोत्री मंदिर जा रहा एक अन्य हेलीकॉप्टर उत्तरकाशी जिले के गंगनानी के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें पांच महिलाओं और पायलट सहित छह लोगों की मौत हो गई थी।



### उड़ान भरने के बाद आई समस्या

पुलिस ने सड़क मार्ग से केदारनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे जहां हैं वहीं रुक जायें, क्योंकि राजमार्ग से हेलीकॉप्टर को हटाने में कुछ समय लग सकता है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा कि केस्ट्रेल एविएशन के एडब्ल्यू119 (रजिस्टर्ड. वीटी-आरएनके) हेलीकॉप्टर के पायलट कैप्टन आर पी एस सोढ़ी थे। मिली जानकारी के मुताबिक, हेलीपैड से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद पायलट को एक संदिग्ध समस्या की सूचना दी गई. जवाब में, उन्होंने हेलीपैड के निकट सड़क पर हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारा।

## भारत का नया समुद्री सूरमा पनडुब्बियों का काल बनेगा

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

भारत लगातार अपनी रक्षा क्षमताओं में इजाफा करता जा रहा है। अब भारत समंदर में अपना नया सूरमा उतारने जा रहा है, जो पनडुब्बियों का काल होगा। भारत के नए 'एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट' INS अर्नाला उन 16 छोटे युद्धपोतों में से एक है, जिसे भारतीय नौसेना में कमीशन किया जा रहा है। ये छोटे स्तर के समुद्री अभियानों और सबमरीन वॉरफेयर में माहिर होगा। आईएनएस अर्नाला को 18 जून को विशाखापत्तनम स्थित भारतीय नौसेना के डॉकयार्ड में शामिल किया जाएगा। इसके आने से भारतीय नौसेना की ताकत में काफी इजाफा हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, इस युद्धपोत को लेकर बात करते हुए इंडियन नेवी के एक प्रवक्ता ने कहा कि 80 फीसदी स्वदेशी तकनीक के इस्तेमाल से निर्मित इस पोत में मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर, महिंद्रा डिफेंस, एलएंडटी और भारत इलेक्ट्रानिक्स समेत कई अन्य रक्षा कंपनियों की हाई टेक टेक्नॉलॉजी से इसे लैस किया गया है।

**तकनीक**



## खालिस्तानी आतंकी बराड़ समेत 5 पर चार्जशीट

**पंचकुला।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने गुरुग्राम के दो क्लबों में हुए बम धमाकों के मामले में खालिस्तानी आतंकी गोल्डी बराड़ समेत पांच आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला दिसंबर 2024 में हुए बम हमले से जुड़ा है। एनआईए ने शुक्रवार को पंचकूला की विशेष अदालत में यह चार्जशीट दाखिल की। चार्जशीट में कनाडा में रह रहा खालिस्तानी आतंकी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़, अमेरिका में रह रहा रंजीत सिंह उर्फ रंजीत मलिक और तीन अन्य सचिन तलियान, अंकित और भाविश के नाम शामिल हैं। इनमें से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि गोल्डी बराड़ और रंजीत मलिक अभी फरार हैं. एनआईए के अनुसार, यह हमला प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (BKI) की साजिश का हिस्सा था, जिसका मकसद हरियाणा और आसपास के इलाकों में सांप्रदायिक तनाव फैलाना और शांति भंग करना था। आरोपियों ने गुरुग्राम के सेक्टर 29 स्थित वेयरहाउस क्लब और ह्यूमन क्लब को बम से उड़ाने की योजना बनाई थी। यह हमला 10 दिसंबर 2024 को किया गया था। जांच में खुलासा हुआ कि यह पूरी साजिश गोल्डी बराड़ और उसके सहयोगियों द्वारा रची गई थी।



### तेवर ढीले : फिर शुरू हो गया मस्क और ट्रंप का याराना!

# एलन ने एपस्टीन फाइल्स में ट्रंप से जुड़ी पोस्ट हटाई

**वॉशिंगटन ● एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला सीईओ एलन मस्क के बीच में बढ़ती हुई लड़ाई अब ठंडी पड़ती नजर आ रही है। गुरुवार को मस्क ने ट्रंप के ऊपर निजी हमला बोलते हुए आरोप लगाया था कि डोनाल्ड ट्रंप का नाम एपस्टीन फाइल्स में था, इसलिए इन फाइल्स को कभी सार्वजनिक नहीं किया गया। अब दो दिनों के बाद मस्क ने अपने एक्स हैंडल से वह पोस्ट हटा दिया है। अमेरिका की दोनों बड़ी हस्तियों के बीच में यह तनाव उस वक्त सार्वजनिक हो गया था, जब मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लाए गए बिग ब्यूटीफुल बिल की आलोचना करनी शुरू कर दी थी। इसके कुछ ही दिनों बाद मस्क को डोगे के प्रमुख पद से हटा दिया गया। हालांकि सूचनाओं के मुताबिक मस्क का हटना पहले से ही तय माना जा रहा था। शुरुआत में दोनों के बीच में बात आई-गई हो गई लेकिन मस्क ने एक बार फिर से सार्वजनिक रूप से ट्रंप के इस बिल की आलोचना की। मस्क को जवाब देते हुए ट्रंप ने कहा कि वह मस्क से निराश हैं। इसके बाद दोनों के बीच में सोशल मीडिया पर पलटवार का दौर चल पड़ा। इसी दौरान मस्क ने ट्रंप पर निजी हमला करते हुए आरोप लगाया कि ट्रंप ने अपने अभियान के दौरान वादा किया था कि एपस्टीन की फाइलों को सार्वजनिक किया जाएगा.. लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति का नाम कुख्यात यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन की फाइलों में था। यही कारण है कि ट्रंप ने वादा करने के बाद भी एपस्टीन की फाइलों को सार्वजनिक नहीं किया।

**याराना**



### मस्क को 380 अरब डॉलर का नुकसान

ट्रंप ने टेस्ला और स्पेसएक्स को मिलने वाले सरकारी ठेकों को बंद करने की धमकी दी है। जिससे मस्क को भारी नुकसान की आशंका है। साथ ही ट्रंप से भिड़ने के बाद मस्क की कंपनी टेस्ला के शेयरों में भारी गिरावट हुई है। इससे जनवरी से अब तक, एलन मस्क को करीब 380 अरब डॉलर (करीब 32 लाख करोड़ रुपये) का नुकसान उठाना पड़ा है। टेस्ला के बाजार पूंजीकरण में 29 प्रतिशत की कमी आई है और इस साल लार्ज कैप शेयरों में सबसे खराब प्रदर्शन टेस्ला का ही रहा। साल 2025 की शुरुआत में टेस्ला पूरी दुनिया में आठवीं सबसे बड़ी कंपनी थी, वो अब 10वें स्थान पर आ गई है। अमेरिका में लोगों ने टेस्ला और टेस्ला के शोरुम में तोड़फोड़ की। इससे भी टेस्ला को काफी नुकसान उठाना पड़ा।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)